रोहतक
मंगलवार, 28 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष,
सप्तमी वर्ष : 29, अंक : 268
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 33.2
न्यून. 14.0

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

### बाजार का हाल

| मार्केट | बंद | तेजी |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 84,778.84 | 566.96 ▲ |
| निफ्टी | 25,966.05 | 170.90 ▲ |

| धातु | कीमत | गिरावट |
|---|---|---|
| सोना | 1,25,900/- | 700/- ▼ |
| चांदी | 1,51,250/- | 4250/- ▼ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | गिरावट |
|---|---|---|
| रुपया | 88.26 | 43 पैसे ▼ |

क्रूड ऑयल 65.39 बैरल 0.85% ▼

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।




## खबर संक्षेप

### श्रेयस अय्यर चोटिल अस्पताल में भर्ती



**नई दिल्ली।** भारतीय वनडे टीम के उपकप्तान श्रेयस अय्यर सिडनी के अस्पताल में भर्ती हो गए हैं और उन्हें फिलहाल आईसीयू में रखा गया है। श्रेयस को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे मैच के दौरान फील्डिंग करते वक्त चोट लगी थी। बताया जा रहा है कि श्रेयस को आंतरिक रक्तस्त्राव हो रहा है। श्रेयस को बाईं पसलियों में चोट लगी थी जिस उन्हें कारण कम से कम तीन हफ्ते तक मैदान से बाहर रहना पड़ सकता है। *एजेंसी*

### जूता उछालने वाले वकील पर नहीं होगा अवमानना का केस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने सोमवार को कहा कि वे मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई पर जूता उछालने की कोशिश करने वाले वकील के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई करने के इच्छुक नहीं हैं। पीठ ने कहा कि मुख्य न्यायाधीश खुद ही आरोपी वकील के खिलाफ कार्रवाई करने से इनकार कर चुके हैं। ये संबंधित न्यायाधीश पर निर्भर करता है कि वे कार्रवाई करते हैं या नहीं। पीठ ने कहा कि अवमानना का नोटिस जारी करने से उस वकील को चर्चा ही मिलेगी, जिसने मुख्य न्यायाधीश की तरफ जूता उछाला। *एजेंसी*

# राजस्थान, एमपी और यूपी समेत 12 राज्यों में आज से एसआईआर शुरू

- 103 दिन तक चलेगी प्रक्रिया वोटर लिस्ट होगी अपडेट
- नए वोटर्स के नाम जुड़ेंगे गलतियों को सुधारा जाएगा
- अगले साल चुनाव वाले राज्य बंगाल में भी होगा एसआईआर
- असम में नियम अलग होने से अभी नहीं शुरू होगी प्रक्रिया

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को कहा कि बिहार के बाद अब देश के 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की कवायद शुरू होगी। दूसरे चरण में छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप में एसआईआर कराया जाएगा। इनमें तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल में 2026 में चुनाव संभावित हैं। कुमार ने स्पष्ट किया कि असम में मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण की घोषणा अलग से की जाएगी। असम में भी अगले साल विधानसभा चुनाव संभावित है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि मौजूदा एसआईआर स्वतंत्रता के बाद से ऐसी नौवीं कवायद है और पिछला एसआईआर 21 वर्ष पहले 2002-04 में हुआ था। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की गई और इसको लेकर कोई भी अपील नहीं आई जो इस कवायद की सबसे बड़ी खूबी रही।

**ये हैं राज्य**

अंडमान निकोबार
छत्तीसगढ़
गोवा
गुजरात
केरल
लक्षद्वीप
मध्य प्रदेश
पुडुचेरी
राजस्थान
तमिलनाडु
उत्तर प्रदेश
पश्चिम बंगाल



### 28 अक्टूबर से 7 फरवरी तक चलेगी प्रक्रिया

| चरण | अवधि |
|---|---|
| प्रिंटिंग और प्रशिक्षण | 28 अक्टूबर से 3 नवंबर 2025 |
| आपत्ति और दावा | 9 दिसंबर 2025 से 8 जनवरी 2026 |
| मतदाता सत्यापन | 4 नवंबर से 4 दिसंबर 2025 |
| सुनवाई व सत्यापन | 9 दिसंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 |
| ड्राफ्ट मतदाता सूची | 9 दिसंबर 2025 |
| अंतिम मतदाता सूची | 7 फरवरी 2026 |

### 12 राज्यों में कुल 51 करोड़ मतदाता

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने आगे कहा, "एसआईआर के दूसरे चरण में 51 करोड़ मतदाता शामिल होंगे। गणना प्रक्रिया चार नवंबर से शुरू होगी, जबकि मसौदा मतदाता सूची नौ दिसंबर को और अंतिम मतदाता सूची सात फरवरी को प्रकाशित की जाएगी। बिहार में मतदाता सूची को दुरुस्त करने का काम पूरा हो चुका है, जहां लगभग 7.42 करोड़ मतदाताओं की अंतिम सूची बीते 30 सितंबर को प्रकाशित की गई थी।

### क्या है विशेष गहन पुनरीक्षण

यह चुनाव आयोग की एक प्रक्रिया है। इसमें वोटर लिस्ट अपडेट की जाती है। इसमें 18 साल से ज्यादा के नए वोटर्स को जोड़ा जाता है। ऐसे लोग जिनकी मौत हो चुकी है, जो शिफ्ट हो चुके हैं उनके नाम हटाए जाते हैं। वोटर लिस्ट में नाम, पते में हुई गलतियों को भी ठीक किया जाता है। बीएलओ घर-घर जाकर खुद फॉर्म भरवाते हैं।

### सबसे पहले बिहार में हुआ

पहले फेज में बिहार में हुआ। फाइनल लिस्ट में 7.42 करोड़ वोटर्स हैं। ये वोटर्स 6 और 11 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में वोट डालेंगे।

### 5.33 लाख बीएलओ

एसआईआर वाले 12 राज्यों में करीब 51 करोड़ मतदाता हैं। इस काम में 5.33 लाख बीएलओ (बीएलओ) और 7 लाख से ज्यादा बीएलए (बीएलए) राजनीतिक दलों की ओर से लगाए जाएंगे जो प्रक्रिया को पूरा करेंगे।

### पिछला डाटा काफी पुराना

आयोग एसआईआर कराने की रूपरेखा को अंतिम रूप देने के लिए राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) के साथ पहले ही दो बैठकें कर चुका है। कई सीईओ ने अपनी पिछली एसआईआर के बाद की मतदाता सूचियां अपनी वेबसाइटों पर डाल दी हैं। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर 2008 की मतदाता सूची उपलब्ध है, जब राष्ट्रीय राजधानी में अंतिम गहन पुनरीक्षण हुआ था। उत्तराखंड में अंतिम एसआईआर 2006 में हुआ था और उस वर्ष की मतदाता सूची अब राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### बारिश से घट सकता है प्रदूषण का स्तर, अब बढ़ेगी ठंड

# हरियाणा में बदला मौसम 2 दिन बारिश की संभावना

**पिछले साल के मुकाबले तापमान 6 डिग्री कम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

प्रदेश में सोमवार से मौसम में बदलाव हुआ। मौसम विज्ञान केंद्र चंडीगढ़ का कहना है कि अगले 2 दिन पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इसकी वजह से राज्य में तेज हवा चलेगी और हल्की बारिश की भी संभावना है। इस बार अक्टूबर मध्य में ही मौसम में ठंडक महसूस की जा रही है।

पिछले साल के मुकाबले इस साल अभी तक तापमान में 6 डिग्री की कमी चल रही है। दिन का तापमान 33 डिग्री व रात का तापमान 14 डिग्री के आसपास बना हुआ है। हवा की गति तेज होने से प्रदूषण का स्तर कम हो सकता है। पहाड़ों पर बर्फबारी से मैदानी इलाकों में ठंड और बढ़ सकती है।



### ग्रैप का दूसरा चरण लागू

19 अक्टूबर को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने दिल्ली-एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पांसिबल एक्शन प्लान (ग्रैप) के चरण दो को लागू किया था। अगर एक्यूआई 201 से 300 के बीच है, तो हवा खराब मानी जाती है। इसमें ग्रैप का पहला स्टेज लागू होता है। 301 से 400 के बीच एक्यूआई होने पर हवा बहुत खराब होती है और ग्रैप का दूसरा स्टेज लागू किया जाता है।

### आगे परिवर्तनशील रहेगा मौसम

हिसार स्थित चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार हरियाणा में पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने के कारण 28 व 29 अक्टूबर को मौसम परिवर्तनशील रहने की संभावना है। इस दौरान बीच-बीच में आंशिक बादलवाई व उत्तर पूर्वी हवाएं चल सकती है, जिससे दिन के तापमान में हल्की कमी व रात्रि तापमान में हल्की बढ़ोतरी होगी। 30 अक्टूबर से 2 नवंबर के दौरान मौसम आमतौर पर खुश्क रहेगा और दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी होने परंतु रात्रि तापमान में हल्की गिरावट की संभावना है। इस दौरान फिर से उत्तर व उत्तर पश्चिमी हवाएं हल्की से मध्यम गति से चलने की संभावना है।

# देश-दुनिया में छठ महापर्व की धूम

**नई दिल्ली।** दुनिया भर में छठ का महापर्व मनाया जा रहा है। खरना के साथ ही व्रतियों के 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो चुका है। छठ महापर्व के तीसरे दिन सोमवार शाम को दिल्ली, मुंबई समेत देश के कई शहरों में डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया गया। वहीं, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन समेत दुनियाभर के कई देशों में भी भारतीय व्रतियों ने छठ पर सूर्य को अर्घ्य दिया। दिल्ली-मुंबई में घाटों में को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं। मुंबई और ठाणे में 83 स्थानों पर सामूहिक छठ पूजा का आयोजन हो रहा है। राजधानी दिल्ली में करीब 1300 घाटों पर छठ पूजा का आयोजन हो रहा है, जिनमें 17 प्रमुख घाट यमुना नदी के किनारे बनाए गए हैं।





### सीएम ने पंचकूला में पूजा की, बोले- पूर्वांचल के लोगों का अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान

प्रदेश में छठ महापर्व के तीसरे दिन यानी सोमवार शाम को व्रत रखने वाली महिलाओं ने सूर्य को अर्घ्य दिया। पंचकूला में राज्य स्तरीय छठ पूजा महोत्सव हुआ। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। मुख्यमंत्री ने छठ मैया की पूजा-अर्चना की और घाट पर डूबते सूर्य देव को पहला अर्घ्य दिया। उन्होंने कहा- मैं कामना करता हूं कि छठ मैया सदैव आपकी झोली खुशियों से भरकर रखें। साथ ही उन्होंने कहा कि पूर्वांचल के लोगों का प्रदेश की अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान है।

## साइक्लोन मोन्था से केरल में 2 की मौत

**नई दिल्ली।** बंगाल की खाड़ी में बना साइक्लोन मोन्था तेजी से पूर्वी तट की ओर बढ़ रहा है। ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में तेज बारिश और तूफान का खतरा बढ़ गया है। मौसम विभाग ने इन राज्यों के कई जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है। साइक्लोन मोन्था तट के करीब पहुंचना शुरू हो गया है। तटीय जिलों में बारिश और तेज हवा चल रही हैं। यह 18 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है और 28 अक्टूबर की शाम या रात काकीनाड़ा तट से टकरा सकता है। केरल में भारी बारिश और तेज हवाओं से निचले इलाकों में पानी भर गया, जिससे दो लोगों की मौत हो गई। आईएमडी ने पांच जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

> ओडिशा में लोगों को सुरक्षित जगह भेजा
> ■
> आंध्र, बंगाल-तमिलनाडु में रेड अलर्ट

# न्यायमूर्ति सूर्यकांत होंगे सुप्रीम कोर्ट के अगले प्रधान न्यायाधीश

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत के प्रधान न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई ने केंद्र सरकार से न्यायमूर्ति सूर्यकांत को अगला प्रधान न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की है। वर्तमान प्रधान न्यायाधीश गवई के बाद उच्चतम न्यायालय के दूसरे सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश, न्यायमूर्ति सूर्यकांत 24 नवंबर को देश के 53वें प्रधान न्यायाधीश के रूप में पदभार ग्रहण कर सकते हैं। प्रधान न्यायाधीश गवई 23 नवंबर को सेवानिवृत्त होंगे। सूत्रों के अनुसार, इस साल 14 मई को प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण करने वाले न्यायमूर्ति गवई ने अगले प्रधान न्यायाधीश के रूप में केंद्रीय विधि मंत्रालय से न्यायमूर्ति सूर्यकांत के नाम की सिफारिश की है।

> न्यायमूर्ति गवई ने नियुक्त करने की सिफारिश की



### करीब 15 माह होगा कार्यकाल

उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में 24 मई, 2019 को पदोन्नत हुए न्यायमूर्ति सूर्यकांत का प्रधान न्यायाधीश के रूप में कार्यकाल करीब 15 महीने होगा। वह 9 फरवरी, 2027 को सेवानिवृत्त होंगे। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत का जन्म 10 फरवरी, 1962 को हरियाणा के हिसार जिले में एक मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ था। वह 24 मई, 2019 को शीर्ष अदालत में न्यायाधीश बने।

## भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी वसुंधरा सिंह

**सतना (एजेंसी)।** कॉमनवेल्थ एशिया यूथ लीडरशिप समिट-2024 में हुई कॉमनवेल्थ एशिया यूथ एलायंस की स्थापना के बाद यह सम्मेलन युवाओं के लिए अवसरों का नया द्वार खोलने जा रहा है और महत्वपूर्ण बात यह है कि यहां भारत का चेहरा होंगी वसुंधरा सिंह। सतना की युवा शोधार्थी वसुंधरा सिंह का चयन कॉमनवेल्थ-आसियान शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए हुआ है। यह प्रतिष्ठित सम्मेलन मंगलवार को मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में आयोजित होगा, जहां कॉमनवेल्थ और आसियान सदस्य देशों के प्रधानमंत्री, मंत्री, राजनयिक, नीति-निर्माता और युवा नेता एक साथ एक मंच पर जुटेंगे।



कॉमनवेल्थ-आसियान शिखर सम्मेलन आज

### जलने से नहीं हुई थी यूपीएससी की तैयारी कर रहे छात्र की मौत

# गर्लफ्रेंड ने ही आशिक के साथ मिल किया कत्ल, बनाई थी अलग कहानी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तिमारपुर में 5 अक्टूबर को आग से मृत घोषित यूपीएससी छात्र रामकेश मीणा की हत्या गला घोंटकर की गई, लिव-इन पार्टनर अमृता ने अश्लील वीडियो न हटाने पर पूर्व प्रेमी और उसके दोस्त के साथ साजिश रची। पुलिस ने सीसीटीवी और लोकेशन से सुराग मिला। उत्तरी जिला के तिमारपुर इलाके में 5 अक्तूबर की रात यूपीएससी की तैयारी कर रहे छात्र रामकेश मीणा (32) की मौत आग लगने से नहीं हुई थी। उसकी हत्या की गई थी। पुलिस ने हत्या की इस सनसनीखेज वारदात को सुलझाते हुए रामकेश के साथ सहमति संबंध में रहने वाली युवती समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



### शुरुआती जांच में इसे हादसा माना

6 अक्तूबर की रात को गांधी विहार स्थित मकान नंबर-ई-60 की चौथी मंजिल पर आग लग गई। एक बुरी तरह जला हुआ शव बरामद हुआ। बाद में मृतक की शिनाख्त रामकेश मीणा के रूप में हुई। शुरुआती जांच में इसे हादसा माना गया।

## 29 बार राष्ट्रीय और प्रदेश स्तरीय मुकाबलों में रहा चैंपियन

# 9 करोड़ के झोटे युवराज की मौत, 9 फीट लंबा व 6 फीट ऊंचा, 80 लाख तक सालाना कमाई

### सीमन से 2 लाख कटड़े-कटड़ी पैदा हुईं

**कुरुक्षेत्र (हरिभूमि न्यूज)।** कुरुक्षेत्र के पशुपालक कर्मवीर सिंह के प्रसिद्ध 9 करोड़ रुपये के झोटे युवराज का 23 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। युवराज 29 बार राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के मेलों में अपनी मुर्रा नस्ल में चैंपियन रहा। वह लगभग 1500 किलोग्राम वजनी, 9 फीट लंबा और 6 फीट ऊंचा था। मालिक का दावा है कि उसके सीमन से करीब 2 लाख कटड़े और कटड़ियां पैदा हुईं। युवराज की सालाना कमाई लगभग 80 लाख रुपये तक बताई जाती थी। उसे खरीदने के कई ऑफर आए, लेकिन उसके मालिक कर्मवीर ने हमेशा इनकार कर दिया। हिसार स्थित राष्ट्रीय भैंस अनुसंधान केंद्र में युवराज की एक प्रतिमा भी लगाई गई है।

**लगभग 1500 किलो वजन**

> रोजाना 20 लीटर दूध, 10 किलो फल, 6 किलो मटर और हरा चारा खिलाया जाता था



**युवराज का भाई शूरवीर उसी के जैसा :** कर्मवीर ने बताया कि उनके पास युवराज का छोटा भाई शूरवीर है। शूरवीर पूंछ समेत 10 फुट लंबा और करीब 6 फुट ऊंचा है। शूरवीर अभी साढ़े 6 साल का है। शूरवीर भी अपने भाई की तरह ही मजबूत और ताकतवर है।

### हर महीने खर्च होते थे एक लाख रुपये

कर्मवीर के मुताबिक, मुर्रा नस्ल के इस झोटा पर हर महीने करीब एक लाख रुपये का खर्च आता था। उसे रोजाना 20 लीटर दूध, 10 किलो फल, 10 किलो दाना, 6 किलो मटर और हरा चारा खिलाया जाता था। शाम के समय उसे 6 किलोमीटर की सैर कराई जाती थी। रोज तेल से मालिश की जाती थी, ताकि उसका शरीर चमकदार और मजबूत बना रहे।

### प्रधानमंत्री मोदी भी आए थे देखने

कर्मवीर ने बताया कि मैं अपने बच्चे की तरह इसे प्यार करता था। इसकी वजह से मेरी पहचान बनी। पंजाब, हरियाणा के अलावा हैदराबाद, पटना, चित्रकूट के अलावा अलग-अलग हिस्सों में गया। दिल्ली में एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद युवराज को देखने के लिए आए थे।



### पुष्कर मेले में आया 15 करोड़ का घोड़ा

**अजमेर।** पुष्कर में पशु मेला चल रहा है। मेले में पंजाब, हरियाणा सहित अन्य राज्यों से महंगे घोड़े व अन्य पशु पहुंचे हैं। पंजाब का पशुपालक गेरी अपना 15 करोड़ का घोड़ा शाबाज लेकर मेले में पहुंचा। शाबाज से ब्रीडिंग का खर्च 2 लाख रुपये है। मेले में सबसे छोटी 16 इंच की गाय भी आई है। वहीं, बीकानेर से एक पशुपालक 800 किलो का मुर्रा नस्ल का भैंसा लेकर पहुंचा है।

## खबर संक्षेप

### गाडी में आग लगाने के आरोप में तीन नामजद

**कैथल।** राजौंद पुलिस ने स्विफ्ट डिजायर गाड़ी में आग लगाने के आरोप में तीन व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कस्बा राजौंद के दीपक ने राजौंद पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 14 अक्टूबर को खुरडा बस्ती राजौंद में जब उसकी स्विफ्ट डिजायर गाड़ी खड़ी थी तो प्रदीप, राजेश और सुनील ने मिलकर उसकी गाड़ी में आग लगा दी। इससे उसकी लाखों रुपए की गाड़ी जलकर राख हो गई।

### ट्रक ने बाइक को टक्कर मारी, युवक की मौत

**फरीदाबाद।** सेक्टर-25 में एक बाइक सवार को ट्रक ड्राइवर ने टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवा दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### लाखों की ठगी में दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** टेलीग्राम टॉस्क के नाम पर साईबर ठगी करने के आरोपी को साइबर थाना सैन्ट्रल की टीम ने काबू किया है। सेक्टर-30 फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सेंट्रल में दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसकी पत्नी के पास घर बैठे पैसे कमाने के लिए एक मैसेज आया उसने लालच में आकर टास्क के लिए कुल 1,86,000 रुपये ठगों के बताये खाता में भेज दिये।

### एजेन्ट की हत्या के आरोपी महिला व उसका मंगेतर धरे

**फरीदाबाद।** एलआईसी एजेन्ट की हत्या कर शव को नाले में फैंकने के मामले में क्राईम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने महिला व उसके मंगेतर को गिरफ्तार किया है। 26 अक्टूबर की सुबह थाना पल्ला में सूचना प्राप्त हुई कि एत्मादपुर पुल के पास शमशान घाट के नजदीक नाले के पास एक बाइक पड़ी हुई है।

**कुर्सी की सियासत :** सीसीटीवी फुटेज में कुर्सी लेकर जाते दिखे चेयरमैन

# नारनौल पंचायत समिति में वाइस चेयरमैन की कुर्सी ले गए चेयरमैन

### चेयरमैन बोले-ठीक करवाने के लिए लेकर गया कुर्सी, सिंघाना में हो रही मरम्मत

सतीश सैनी ▶▶ नारनौल

राजनीति में कुर्सी का अहम रोल है। इसी कुर्सी को लेकर नारनौल पंचायत समिति में राजनीति शुरू हो गई है। दरअसल, एक वीडियो सामने आया है, उसमें चेयरमैन वाइस चेयरमैन की कुर्सी कार्यालय में अंधेरे के समय लेकर जाते दिखाई दे रहे है। जब यह बात वाइस चेयरमैन व उसके पति को लगी तो पुलिस को चेयरमैन के खिलाफ कुसी चोरी करने व सरकारी सम्पत्ति का नुकसान पहुंचने का शिकायत तक कर डाली। अब सोमवार को इसी कार्यालय में वाइस चेयरमैन ने मीडिया को बुलाकर अपना पक्ष रखा। उसी वक्त आरोपित पक्ष चेयरमैन भी मौके पर आए। उन्होंने कुर्सी चोरी की बात का खंडन किया और कुर्सी ठीक करवाने के लिए सिंघाना लेकर जाने की बात स्वीकारी। साथ ही अब तक 10 में से सिर्फ दो बैठक में उपस्थित रहने, वाइस चेयरमैन की बजाय पति के बैठक में हिस्सा लेने की बात कहकर तीन साल मान सम्मान करने का यह रिजल्ट मिलने की बात कही। आरोपों की हर तरह से जांच करने को कहा। इस कुर्सी के लड़ाई के पीछे अंदरूनी बात यह है कि चेयरमैन पूर्व मंत्री डा. अभय सिंह यादव और वाइस चेयरमैन विधायक ओमप्रकाश यादव पक्ष से जुड़े है।



नारनौल। सीसीटीवी फुटेज में कुर्सी लेकर जाते चेयरमैन।

### आरोप झूठे, कुर्सी ठीक कराने के लिए गई



अध्यक्ष पंकज

पंचायत समिति के चेयरमैन पंकज यादव ने अपना पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि दिवाली से ठीक दो दिन पहले 18 अक्टूबर की शाम वह कार्यालय में ही था। त्योहार में लेट होने की वजह से शाम साढ़े छह व सात बजे के बीच कार्यालय से कुर्सी लेकर गाड़ी में लेकर गया था। कुर्सी खराब थी, उसे ठीक करवाना था। कुर्सी को राजस्थान के कस्बा सिंघाना ठीक करवाने के लिए भेजा है।

### ठीक होने के बाद कुर्सी ऑफिस में रखवा देंगे

इस बात को अब दस दिन होने को है, अभी तक कुर्सी ठीक होकर नहीं आई सवाल पर उन्होंने जवाब दिया कि त्योहार का सीजन है। समय लगता है। ठीक होते ही वह यहां रखवा देंगे। उनसे पूछा गया कि कुर्सी ठीक करवाने का काम चेयरमैन का है या यहां के कर्मचारियों का? सवाल का जवाब देते हुए कहा कि वह जमीदार का बेटा है। अभी खेत में काम करके आया है। काम छोटा बड़ा नहीं होता।

### वाइस चेयरमैन ने पुलिस को दी शिकायत



उपाध्यक्ष पूनम

वाइस चेयरमैन पूनम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि 24 अक्टूबर को पति प्रवीण कुमार खंड कार्यालय नारनौल में अपने किसी कार्य के लिए गए थे। पति ने बताया कि एक बड़ी कुर्सी जिस पर वाइस चेयरमैन आमतौर पर पंचायत समिति की बैठक के दौरान बैठती है, वह गायब है। कार्यालय में कर्मचारियों द्वारा पूछने पर बताया गया कि उन्हें इस विषय में कोई जानकारी नहीं है। जब पति ने सीसीटीवी में देखा तो पता चला कि कुर्सी को चेयरमैन पंकज व जोनी ठेकेदार अपनी गाड़ी में उठाकर ले गए। पंचायत समिति के कार्यालय की कोई भी वस्तु किस व्यक्ति विशेष की व्यक्तिगत सम्पत्ति नहीं है। इस प्रकार का कार्य पंचायत समिति व सरकार की सम्पत्ति का नुकसान है तथा इस प्रकार कार्य आईपीसी धारा 379 में चोरी की श्रेणी में आता है।

### गबन और धांधली का चल रहा है खेल

नारनौल पंचायत समिति की उपाध्यक्ष पूनम ने मीडिया को बताया कि पंचायत समिति नारनौल में काफी दिनों से गबन व धांधली चल रही है। जब इसके विरूद्ध आवाज उठानी चाही तो चेयरमैन व उनके चहेते ठेकेदार ने पंचायत समिति सदस्यों व कर्मचारियों के सामने अपमानित करने के उद्धेश्य से कुर्सी उठा कर बिना सूचित किए घर ले गए। जिसकी शिकायत सिटी पुलिस को केस के लिए दी है। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग पर पूरा विश्वास है, वह जल्द ही जल्द एफआईआर दर्ज करके कार्रवाई करेंगे। उन्होंने बताया कि पंचायत समिति में चल रही गबन व धांधली के विषय में आरटीआई से रिकार्ड मांगा है। रिकार्ड मिलते ही गबन व धांधली का पर्दाफाश होगा। जिसमें कार्यालय के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत की संभावना है।

# धोखाधड़ी के मामले में फार्मासिस्ट गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर



उत्तर प्रदेश पुलिस ने गन्नौर उपमंडल अस्पताल में कार्यरत फार्मासिस्ट सुनील कुमार को धोखाधड़ी के एक पुराने मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपित सुनील कुमार, गांधी नगर गन्नौर का रहने वाला है और इस समय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गन्नौर में फार्मासिस्ट के पद पर कार्यरत है। मुजफ्फरनगर जिले के थाना कोतवाली में वर्ष 2023 में विपिन कुमार निवासी गांव कुटबा की शिकायत पर सुनील कुमार सहित चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और गबन के आरोप में केस दर्ज किया गया था।

**10 मार्च 2020 को वारदात को दिया अंजाम**

# शराब ठेकेदार की हत्या करने दो दोषियों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयबीर सिंह की अदालत ने शराब ठेकेदार की गोली मार हत्या करने के जुर्म में दो दोषियों को अजीवन कारावास तथा साढ़े 35-35 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने पर दोषियों को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष के अनुसार गांव बीबीपुर निवासी रविंद्र ने 10 मार्च 2020 को सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसका भाई सोनू उर्फ सुखबीर गांव में शराब का ठेका चलाता था। देर शाम को सुखबीर बाइक पर सवार होकर गांव से शराब ठेके की तरफ जा रहा था। शराब ठेके के निकट ही कार सवार युवकों ने उसकी बाइक को टक्कर मार कर सुखबीर को गिरा दिया। फिर अपने पास मौजूद असलहा से सुखबीर को गोली मार दी। जिसमें उसके भाई की मौत हो गई।

# सांसद कंगना रनौत ने मांगी माफी, बोलीं- मुझसे गलती हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बठिंडा/जींद

भाजपा सांसद एवं अभिनेत्री कंगना रनोट बठिंडा कोर्ट में मानहानि मामले में पेश हुईं। किसान आंदोलन के दौरान बुजुर्ग किसान महिंदर कौर को शाहीन बाग की बिलकिस बानो बताकर किए ट्वीट पर उन्होंने माफी मांगी। कोर्ट ने उन्हें जमानत दी, अगली सुनवाई 24 नवंबर को होगी। मीडिया से कंगना ने कहा, 'मिस अंडर स्टैंडिंग हुई है। मैंने माता जी के पति को संदेश भेजा कि वे इसकी शिकार हुईं। मेरी ऐसी मंशा नहीं थी।



### जींद में किया ब्रेकफास्ट

कंगना रनौत सोमवार दिल्ली से पंजाब की तरफ जाते समय कुछ देर के लिए जींद के लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह रुकी। वे लगभग 40 मिनट तक विश्राम गृह में ठहरी और अपने स्टाफ के साथ ब्रेकफास्ट भी किया।

# सीसीटीवी में नजर आया ठग 4 लाख में बेचा नकली सोना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



मॉडल टाउन थाना पुलिस कर रही आरोपी की तलाश

चार लाख रुपये में नकली सोने के सिक्के थमाकर फरार हुआ शातिर ठग सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में साफ नजर आ गया है। फुटेज की मदद से मॉडल टाउन थाना पुलिस ने आरोपी का पता लगाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। मॉडल टाउन थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में निमोठ निवासी हरफूल ने बताया था कि ट्रेन से गुरुग्राम जाते समय उसकी मुलाकात 7 अक्टूबर को एक युवक से हुई थी। उसने उसे गांव से घी दिलाने की बात कही थी। बाद में वह घी लेने के लिए उसके गांव पहुंच गया। 14 अक्टूबर को उसने फोन पर उसके पास सोने के सिक्के होने की बात कही। उसने बताया कि वह राजस्थान का रहने वाला है।

# अमेरिका से डिपोर्ट की गई साधनवास की महिला बेटा, अभी यूएस कैंप में कैद

**रविवार को अमेरिका से 54 भारतीयों को वापस डिपोर्ट किया गया था**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

अमेरिका से भारत डिपोर्ट किए गए 54 भारतीयों में फतेहाबाद जिले के जाखल क्षेत्र के गांव साधनवास निवासी 45 वर्षीय महिला भी शामिल है। महिला को जहां अमेरिकी सरकार ने भारत डिपोर्ट कर दिया है वहीं उसका 20 साल का लडक़ा अभी भी अमेरिका में कैम्प में कैद है। दोनों मां बेटा मई 2024 में कनाडा गए थे, जहां से वे अमेरिका पहुंच गए। परिवार को अब अमेरिका में कैद अपने बेटे की चिंता सता रही है। परिवार ने भारत सरकार से उनके बेटे को सुरक्षित देश लाने की गुहार लगाई है। साधनवास निवासी महिला जसवीर कौर और उसका बेटा दोनों मई 2024 में कनाडा गए थे। मां-बेटे कनाडा में करीब एक महीने तक रहे थे। इसके बाद दोनों ने किसी तरह अमेरिका में प्रवेश कर लिया और दोनों वहां पर एक रेस्टोरेंट में काम करने लगे। दोनों ने अमेरिका की नागरिकता के लिए आवेदन भी किया था, लेकिन ट्रंप सरकार बनने के बाद करीब दो-तीन महीने पहले अमेरिकी प्रशासन ने इन्हें पकड़ लिया और कैंप में भेज दिया। अब अमेरिका ने प्रक्रिया पूरी होने के बाद 25 अक्टूबर को जसवीर कौर को जहां अमेरिका से डिपोर्ट कर भारत भेज दिया गया है जबकि उसका लड़का अभी भी अमेरिका में कैम्प में कैद है।



# इधर, जननायक को लेकर हो रही छीनाझपटी, उधर, अपने भाई तेजप्रताप के चक्रव्यूह में फंसे तेजस्वी!

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव में सियासी गर्मी तेज हो गई है। यहां खुद को मुख्यमंत्री के तौर पर देख रहे तेजस्वी यादव अपने ही भाई तेजप्रताप के चक्रव्यूह में फंसे दिखाई दे रहे हैं। तेजप्रताप लगातार हमला बोल रहे हैं। इसके अलावा बिहार में जननायक के पदवी को लेकर छीनाझपटी होती दिखाई दे रही है। कांग्रेस द्वारा विपक्ष के नेता राहुल गांधी को 'जन-नायक' कहे जाने पर हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) के प्रमुख जीतन राम मांझी ने आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि 'जन-नायक' की उपाधि जनता देती है, इसे कोई स्वयं नहीं ले सकता। मांझी ने यह भी कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि कुछ लोग तेजस्वी यादव को भी 'जन-नायक' कहते हैं, जो इस शब्द का अपमान है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 'जन-नायक' की पहचान कर्पूरी ठाकुर जैसे जनसेवकों से होती है और सवाल उठाया कि तेजस्वी यादव ने राज्य के लिए ऐसा क्या किया है जो उन्हें यह उपाधि दी जाए। तेजस्वी के ऐलान पर हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) के सुप्रीमो जीतन राम मांझी ने कहा,यह आदमी कुछ नहीं कर सकता और हमेशा से लोगों को गुमराह करता रहा है।

**200** यूनिट फ्री बिजली, पांच सौ में सिलेंडर को भी प्रमुखता दी महागठबंधन ने | चर्चित विधायक गोपाल मंडल समेत कई नेताओं को पार्टी से निकाला | बिहार विधानसभा चुनाव में नेता एक दूसरे पर साध रहे निशाना, आरोप-प्रत्यारोप चरम पर

## बिहार विधानसभा चुनाव में बढ़ी सियासी रार, आज जारी होगा महागठबंधन का घोषणा पत्र



### तेज प्रताप ने तेजस्वी के खिलाफ खोला मोर्चा

लालू प्रसाद यादव के बेटे और बिहार की महुआ विधानसभा सीट से उम्मीदवार तेज प्रताप यादव ने अपने भाई तेजस्वी यादव पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कौन बनेगा और कौन नहीं बनेगा, यह बिहार की जनता तय करेगी। उन्होंने तेजस्वी यादव की घोषणाओं पर भी सवाल उठाए। तेज प्रताप यादव अपनी राजनैतिक कर्मभूमि महुआ में बाइक पर चुनाव प्रचार कर रहे थे। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि महुआ में रोड नहीं बना है। स्थानीय लोग बेहद परेशान हैं। तेज प्रताप ने कहा, जिस तरह हमने महुआ में मेडिकल कॉलेज बनवाने का काम किया। इसी तरह वे यहां सड़कों का निर्माण कराएंगे। जनता से किया गया वादा पूरा करेंगे। वहीं दूसरी तरफ चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए पटना जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय है। निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम के निर्देशानुसार आचार संहिता के पालन और प्रत्याशियों के चुनावी खर्च पर निगरानी रखी है। अब तक 11 करोड़ 43 लाख रुपए से अधिक मूल्य की नकदी, कीमती धातु, शराब, मादक पदार्थ और

### गोपाल मंडल के साथ कई नेताओं को भी किया बाहर

जदयू ने गोपाल मंडल के साथ ही साथ कदवा कटिहार से पूर्व मंत्री हिमराज सिंह, बिहार विधान परिषद के पूर्व



पार्षद संजीव श्याम सिंह, बिहार विधानसभा के पूर्व सदस्य महेश्वर प्रसाद यादव और मुजफ्फरपुर के प्रभात किरण को भी पार्टी से निष्कासित कर दिया है। पार्टी के प्रदेश महासचिव और मुख्यालय प्रभारी की तरफ से जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि बिहार विधानसभा आम चुनाव 2025 में पार्टी की विचारधारा, पार्टी विरोधी गतिविधियों एवं संगठनात्मक आचरण के विरुद्ध कार्य करने में संलिप्त पाए जाने पर इन लोगों को पार्टी से निष्कासित किया गया है।

## अस्वस्थ सीएम के हाथों में 13 करोड़ जनता का भविष्य नहीं सौंपा जा सकता

वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी ने रविवार देर रात दरभंगा पहुंचकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तीखा हमला बोला। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अब पूरी तरह अस्वस्थ हो चुके हैं। ऐसे में बिहार के 13 करोड़ लोगों का भविष्य एक अस्वस्थ व्यक्ति के हाथों में नहीं छोड़ा जा सकता। सहनी ने कहा कि यह कोई व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं है। 70 वर्ष की उम्र में कोई भी व्यक्ति अस्वस्थ हो सकता है, लेकिन बिहार जैसे राज्य का नेतृत्व अब युवा हाथों में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 2005 में नीतीश कुमार जब पहली बार मुख्यमंत्री बने तो जनता ने उन्हें अवसर दिया। 2010 तक उन्होंने कुछ विकास भी दिखाया, लेकिन 2015 में वे लालू प्रसाद यादव की 'बैसाखी' पर




सवार होकर फिर सत्ता में लौटे। वहीं, 2020 के विधानसभा चुनाव में महज 42 विधायकों के साथ वे भाजपा और वीआईपी के समर्थन से किसी तरह मुख्यमंत्री बने। सहनी ने भाजपा सांसद मनोज तिवारी के उस बयान पर भी पलटवार किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि हमारे पास 56 इंच का सीना है। इस पर सहनी ने तंज कसते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के पास 56 नहीं बल्कि 112 इंच की जुबान है। 2014 में उन्होंने देश को आर्थिक विकास का सपना दिखाया, लेकिन आज देश



### 29 को राहुल गांधी का बिहार दौरा

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बिहार विधानसभा चुनाव के तहत 29 अक्टूबर को अपना पहला चुनावी दौरा करेंगे। इस दिन वे दो चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे, जिनमें उनके साथ राजद नेता तेजस्वी यादव भी मौजूद रहेंगे। दोनों नेता साझा मंच से मुजफ्फरपुर की सकरा (एससी) विधानसभा सीट और दरभंगा जिले की एक अन्य विधानसभा क्षेत्र में जनसभा करेंगे।

## शाह ने कहा- भाजपा बैसाखियों पर नहीं खुद के बल पर चलती है

# कार्यकर्ता इतनी मेहनत कर दें कि विपक्ष का सफाया हो जाए

एजेंसी ▶▶ मुंबई

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि महाराष्ट्र में भाजपा को बैसाखियों की जरूरत नहीं है और वह अपने बल पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में विपक्ष का सफाया सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि जनसंघ की स्थापना के बाद से हमने हमेशा संगठन की अवधारणा के आधार पर अपनी पार्टी के कामकाज को स्वीकार किया है। हमने हमेशा सिद्धांतों के आधार पर अपनी नीतियां बनाई हैं। हमने देश और इसके लोगों के सर्वोत्तम हित में सबसे कठिन लड़ाई लड़ी है। दक्षिण मुंबई में चर्चगेट स्टेशन के पास महाराष्ट्र भाजपा के नए कार्यालय भवन की आधारशिला रखने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा, हमने साबित कर दिया है कि परिवार द्वारा संचालित पार्टियों की राजनीति अब इस देश में नहीं चलेगी। काम की राजनीति ही देश को आगे ले जाएगी। मोदी जी इसका सबसे अच्छा उदाहरण हैं। एक साधारण चायवाले के घर में जन्मा एक बच्चा अपने समर्पण, त्याग और कड़ी मेहनत से भारत का प्रधानमंत्री बना।

**परिवार द्वारा संचालित पार्टियों की राजनीति अब इस देश में नहीं चलेंगी**

शाह ने दक्षिण मुंबई में चर्चगेट स्टेशन के पास महाराष्ट्र भाजपा के नए कार्यालय भवन की आधारशिला रखी, कार्यकर्ताओं को संबोधित किया शाह ने निकाय चुनावों में जीत दिलाने की अपील की



### भाजपा लोकतांत्रिक सिद्धांतों पर चलती है भाजपा

उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक सिद्धांतों पर चलती है और मेहनती और प्रदर्शन-उन्मुख कार्यकर्ता पार्टी पदानुक्रम में आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा, मैं बूथ अध्यक्ष था और राष्ट्रीय अध्यक्ष बना, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जो एक गरीब परिवार से हैं, अपनी प्रतिबद्धता और त्याग के कारण तीन बार देश का नेतृत्व कर पाए।

### 55,000 वर्ग फुट क्षेत्र में फैला भाजपा कार्यालय

शाह ने 55,000 वर्ग फुट क्षेत्र में फैले नए राज्य भाजपा कार्यालय पर प्रसन्नता व्यक्त की, जिसमें एक पुस्तकालय, बैठक कक्ष, सम्मेलन कक्ष, 400 सीटों वाला एक सभागार और राज्य भाजपा अध्यक्ष और मुख्यमंत्री के कार्यालय शामिल हैं। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री को याद रहेगा कि वे पार्टी की बदौलत इस पद पर पहुंचे हैं। शाह ने कहा कि पार्किंग के लिए बहु-स्तरीय बेसमेंट होगा। उन्होंने आगे कहा, मैंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से कहा है कि मेरे जैसे पार्टी कार्यकर्ताओं के रहने के लिए तीन-चार कमरे होने चाहिए।

**विपक्ष ने उठाए सवाल**

विपक्ष ने राज्य भाजपा के नए कार्यालय के लिए भूमि अधिग्रहण पर सवाल उठाए हैं। शाह को लिखे एक पत्र में, शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने भूमि अधिग्रहण पर सवाल उठाते हुए दावा किया कि यह भूमि आवासीय उद्देश्यों के लिए आरक्षित थी।

### सभी को श्रेय

शाह ने कहा कि भाजपा के लिए पार्टी कार्यालय एक मंदिर की तरह है। उन्होंने कहा, यहीं से पार्टी के कार्यक्रमों और नीतियों की कल्पना की जाती है और यह पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए एक व्यावहारिक प्रशिक्षण स्थल है। शाह ने कहा कि जनसंघ के दिनों से ही विचारधारा से प्रेरित राजनीति और जन कल्याण भाजपा की पहचान रही है। 1980 में जब भाजपा का गठन हुआ था, तब से 18 वर्षों तक देश का नेतृत्व भाजपा नेताओं ने किया है और यह गर्व की बात है।


हरियाणा सरकार

## हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण लेकर आए हैं

Haryana Shehri Vikas Pradhikaran

व्यवसायिक, संस्थागत संपत्तियां और बहुमंजिला अपार्टमेंट ई-नीलामी

दिनांकः 4 नवम्बर से 8 नवम्बर, 2025



| स. न. | नीलामी की तिथि | साइटों का ब्यौरा | जोन |
|---|---|---|---|
| 01 | 4 नवम्बर, 2025 (मंगलवार) | प्रमुख स्थल (व्यावसायिक संपत्तियां, होटल संपत्तियां,अस्पताल और संस्थागत स्थल) और बहुमंजिला अपार्टमेंट | सभी जोन |
| 02 | 6 नवम्बर, 2025 (गुरुवार) | व्यावसायिक संपत्तियां (प्रेफेरेंटिअल ) / नर्सिंग होम, क्लिनिक संपत्तियां और स्कूल संपत्तियां | सभी जोन |
| 03 | 7 नवम्बर, 2025 (शुक्रवार) | व्यावसायिक संपत्तियां | फरीदाबाद और पंचकूला जोन |
| 04 | 8 नवम्बर, 2025 (शनिवार) | व्यावसायिक संपत्तियां | गुरुग्राम, रोहतक और हिसार जोन |

17.10.2025 को प्रकाशित विज्ञापन के क्रम में, प्रशासनिक कारणों से सभी ज़ोनों की सामान्य और प्रेफरेंशियल श्रेणी की आवासीय संपत्तियों और रोहतक ज़ोन (जी.एच-8, सैक्टर - 4 एक्सटेंशन, रोहतक) और पंचकूला (जी.एच-113, सैक्टर-20, पंचकूला) के बहु-मंजिला अपार्टमेंट की ई-नीलामी वापस ले ली गई है।

ई-नीलामी वर्ष 2025-26 की आवंटन दरों/संस्थागत दरों के आधार पर इस शर्त के साथ आयोजित की जाएगी कि यदि वर्ष 2025-26 के लिए आवंटन दरों/संस्थागत दरों को संशोधित किया जाता है तो तत्पश्चात बोली राशि को आनुपातिक आधार पर संशोधित किया जाएगा और बिडर अंतर राशि का भुगतान करने के लिए बाध्य होगा।

पंजीकरण ई-नीलामी की निर्धारित तिथि से एक दिन पूर्व बंद हो जाएगा।
ई-नीलामी सुबह 10 बजे शुरू की जाएगी

मुख्य बैंकों से ऋण की सुविधा उपलब्ध। *नियम व शर्तें लागू
*इस ई-नीलामी में कोई भी व्यक्ति, कंपनी व सोसाइटी/समिति भाग ले सकते हैं।

* ई-नीलामी में दर्शाई गई संपत्तियों को बिना नोटिस ई-नीलामी से हटाया जा सकता है।

EPABX - 0172-2567858, 2587185
हेल्पलाइन नंबर: 1800-180-3030

एच.एस.वी.पी. ई-ऑक्शन के पोर्टल के लिंक के लिए https://hsvphry.org.in पर जाएं

किसी भी जानकारी के लिए हमें ईमेल करें: eauctioncell.hsvp@gmail.com

*यदि ई.एम.डी. जमा करवाने की अंतिम तिथि के दिन बैंक अवकाश पड़ता है, तो उस स्थिति में, बैंक अवकाश से पूर्व पड़ने वाले बैंक कार्य दिवस को चालान द्वारा ई. एम.डी. जमा करवाने की अंतिम तिथि माना जाएगा

Chief Administrator
Haryana Shehri Vikas Pradhikaran
C-3, HSVP Complex, Sector 6, Panchkula 134 109, Haryana
hsvphry.org.in. 1800-180-3030 Hsvphry

The detailed information of the sites and terms & conditions of e-auction will be available on https://hsvphry.org.In.



रक्षा विनिर्माताओं से बोले राजनाथ सिंह


# अनुसंधान और विकास के बिना आगे नहीं बढ़ सकता कोई देश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय रक्षा विनिर्माता सोसायटी (एसआईडीएम) के वार्षिक सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, यह सच्चाई है कि कोई भी देश अनुसंधान और



विकास के बिना आगे नहीं बढ़ सकता। चाहे अमेरिका हो, चीन हो या दक्षिण कोरिया..जो भी देश आगे गए हैं, वो अनुसंधान और विकास की वजह से ही गए हैं। आज रक्षा और युद्ध क्षेत्र में जो परिवर्तन हो रहे हैं, उनसे केवल स्वदेशीकरण के माध्यम से ही निपटा जा सकता है। रक्षा मंत्री ने कहा, यह भी मैं कहना चाहूंगा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार मैं आप सबके बीच आया हूं तो उससे संबंधित कुछ बातें

### 'सरकार का काम समान अवसर प्रदान करना'

उन्होंने आगे कहा, सीखने के लिए तो हमें कहीं से भी किसी से भी सीखना चाहिए। हम तो 'आनो भद्रा क्रतवो यन्तु विश्वतः' की सोच को मानने वाले लोग हैं। दुनिया में अगर कहीं भी अच्छा अभ्यास हो रहा है, तो उसको अपनाने में हमें पीछे नहीं रहना चाहिए। जैसा कि मैने कहा है कि सरकार का काम एक समान अवसर प्रदान करना है परंतु खेलना तो आप लोगों को ही है।मैं चाहता हूं आप ऐसा खेलें कि पूरी दुनिया दर्शक बनकर आपकी ओर देखें।

## मानहानि मामले में राहुल की सुनवाई चार को

**हाथरस।** हाथरस जिले की विशेष सांसद/विधायक अदालत ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि के एक मामले में सोमवार को सुनवाई की अगली तारीख चार नवंबर तय की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गांधी द्वारा हाथरस के बूलगढ़ी प्रकरण में बरी हो चुके तीन युवकों को आरोपी बताने के मामले में उनके खिलाफ यह याचिका दायर की गई है। मामले में बरी किए गए युवकों के अधिवक्ता मुन्ना सिंह पुंढीर ने कहा कि न्यायाधीश के अवकाश पर होने के कारण सोमवार को सुनवाई नहीं हो सकी।

### जामताड़ा के एक्टर ने की आत्महत्या!

**नई दिल्ली।** मराठी एक्टर सचिन चंदवडे का निधन हो गया है। वो 25 साल के थे। चंदबवड़े नेटफ्लिक्स वेब सीरीज जमताड़ा 2 में नजर आए थे। उनके परिजनों ने उन्हें पुणे स्थित फ्लैट में फंदे पर लटकते पाया।

### छठ घाट बनाने के दौरान गंगा में डूबे 4 मासूम

**भागलपुर।** लोक आस्था के महापर्व छठ की तैयारियों के बीच भागलपुर में छठ घाट बनाने के दौरान गंगा नदी में डूबने से चार बच्चों की मौत हो गई। इससे पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।

### झूठा निकला दिल्ली एसिड अटैक का मामला, पीड़ित छात्रा का पिता गिरफ्तार

# छात्रा के पिता ने 3 युवकों को फंसाने के लिए साजिश रची

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली यूनिवर्सिटी ( डीयू) की छात्रा पर एसिड अटैक का मामला झूठा निकला है। पुलिस ने छात्रा के पिता अकील खान को गिरफ्तार कर पूछताछ की थी। उसने कबूल किया कि तीन युवकों को फंसाने के लिए एसिड अटैक की साजिश रची थी। ज्वलनशील पदार्थ एसिड नहीं बल्कि टॉयलेट क्लीनर था। दरअसल, डीयू के लक्ष्मीबाई कॉलेज की छात्रा (20) ने दावा किया था कि 26 अक्टूबर की सुबह अशोक विहार इलाके में कॉलेज जाते वक्त तीन युवकों जितेंद्र, ईशान और अरमान ने उस पर एसिड फेंका था। बाद में मौके से फरार हो गए थे। छात्रा ने कहा था कि जितेंद्र फाकी समय से उसका पीछा भी कर रहा था। पुलिस की पूछताछ में खुलासा हुआ है कि छात्रा के पिता पर जितेंद्र ने पत्नी के रेप का केस दर्ज कराया था। शिकायत में कहा गया था कि अकील की फैक्ट्री में काम करने के दौरान उसका यौन शोषण किया गया था। उसके निजी फोटो भी खींचे गए थे।


## हरियाणा सरकार | निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प, हिसार | हिसार जिले में नलवा निर्वाचन क्षेत्र में हिसार-बालसमंद रोड एमडीआर 107 आरडी 3.700 से 11.00 तक 4-लेनिंग (स्थल से मैकेनिकल वर्कशॉप लोनिवि (भ व प) शाखा, हिसार तक बैले ब्रिज का विखंडन/शिफ्टिंग और बैले ब्रिज की मरम्मत)। | 24.10.2025 03.11.2025 | 4.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225133 pwd-eemd-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प, नारायणगढ़ | यमुनानगर जिले में लोहगढ़ में बाबा बंदा सिंह बहादुर मेमोरियल का निर्माण। | 25.10.2025 14.11.2025 | 3536.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1734284035 pwd-eepd-naraingarh@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प, पलवल | पलवल जिले में (हैड-5054-ग्रुप 14 के तहत) कार्यक्रम 2025-26 के तहत प्रांतीय मंडल लोनिवि भ व प शाखा, पलवल में होडल निर्वाचन क्षेत्र में आरडी 0 से 3.08 किमी. तक गुलवाड (नागला करीमपुर) मच्छीपुरा रोड) (आइडी 12143) पर 80 मिमी. आईपीबी और चौड़ा करने/मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत (जीएसटी के बिना) | बंद होने की तिथि 30.10.2025 | 215.69 लाख | https://hartrans.gov.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प, गुरुग्राम | गुरुग्राम में नए ज्युडिशियल कॉम्प्लेक्स (टावर ऑफ जस्टिस) में मुख्य भवन के फायर डोर्स की स्थापना और मल्टी लेवल बेसमेंट पार्किंग में अग्नि शमन प्रणाली। | बंद होने की तिथि 01.11.2025 | 608.39 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प, जींद | जींद जिले में जुलाना में बागनवाला से पेंकेरी खेड़ी तक नए रोड का निर्माण (रोड आइडी 12483) (बकाया कार्य)। | बंद होने की तिथि 03.11.2025 | 20.87 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | गांव शिमली, ब्लॉक रोहतक, जिला रोहतक में ग्रामीण तालाब 'सरसोदी तालाब' का पुनरोद्धार + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 06.11.2025 | 118.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034106126 xenconst21@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज, पंचकूला | पंचकूला जिले के विभिन्न गांवों (शाहजहापुर, रत्ता टिब्बी, थाने की सैर, खेड़ावाली लेही, खेरवाली, जोहलुवाल, नयागांव, बाडोना कलां, हरयोली, बाजिदपुर निकट राजकीय विद्यालय, भानवली और बागवाली निकट एनएच रोड) तालाब पर बैंचेज की स्थापना। | 23.10.2025 29.10.2025 | 12.85 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416915374 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज, भिवानी | गांव डांग कलां ब्लॉक तोशाम में ग्रे वाटर मैनेजमेंट का निर्माण + 4 कार्य। | 24.10.2025 29.10.2025 | 63.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज, अंबाला | डी-प्लान-गांव नग्गल में बीसी धर्मधाला में जीआई शेड का निर्माण और गांव खैरा ब्लॉक अंबाला-1 में सामान्य चौपाल शौचालय और चार दीवारी का निर्माण। | 24.10.2025 30.10.2025 | 9.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in` |
| 10 | पंचायती राज, अंबाला | डी-प्लान-गांव धनकौर में गुगा मडी के निकट तालाब से शमशान घाट के निकट तालाब तक आरसी नाला का निर्माण और गांव भिलपुरा ब्लॉक अंबाला-II में रामकरण के मकान से कपूरी के टर्न तक आईपीबी गली का निर्माण। | 23.10.2025 29.10.2025 | 10.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज, अंबाला | एमपीएलएडी-गांव शहजादपुर ब्लॉक शहजादपुर में पुस्तकालय भवन का निर्माण। | 23.10.2025 29.10.2025 | 10.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 12 | पंचायती राज, अंबाला | डी-प्लान-गांव शमरू ब्लॉक शहजादपुर में शमशान घाट में सिटिंग शेड (बरामदा) और आईपीबी पथ (खुला क्षेत्र) का निर्माण। | 23.10.2025 29.10.2025 | 7.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 13 | पंचायती राज, अंबाला | भगवानपुर-गांव भगवानपुर ब्लॉक बाबैन कुरुक्षेत्र में मेन रोड से शमशान घाट तक आईपीबी गली का निर्माण + 3 कार्य। | 25.10.2025 10.11.2025 | 89.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 14 | सिविल हॉस्पिटल, जगाधरी | कैंटीन सेवाएं निविदा और पार्किंग निविदा | 24.10.2025 30.10.2025 | ईएमडी 20000 | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 8396873550 anujm1245@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/280/39773/I/88/6 दि. 27.10.25

## चिंतन

# भारत के महायुद्ध अभ्यास से क्यों डर गया पाकिस्तान

बात-बात पर परमाणु बम की धमकी देने वाले पाकिस्तान को असल में पता है कि भारत के सामने उसकी औकात कितनी है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ही साफ हो गया कि वो दुनिया की सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था भारत के सामने युद्ध में 48 घंटे भी खड़ा नहीं रह सकता है, लेकिन उसके हुकूमरान हैं कि अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आते। ऑपरेशन सिंदूर में करारी हार मिलने के बावजूद पाक ने यह दिखाने का प्रयास किया कि वह जीत रहा था। भारत को युद्ध रोकने के लिए मनाने के लिए पहले अमेरिका के समक्ष गुहार लगाने और फिर भारतीय डीजीएमओ से युद्ध की प्रार्थना करने वाले पाक ने युद्ध खत्म होते ही सेना प्रमुख आसिम मुनीर को फील्ड मार्शल के पद पर पदोन्नत करके यह दर्शाने का प्रयास किया कि हम जीत रहे थे। असल में पाक नेताओं की ये मजबूरी भी है। वो आवाम को भ्रम में रखते हैं और हमेशा से यह प्रयास करते हैं कि किसी भी तरह से भारत विरोध के सहारे अपनी सियासत को जिंदा रखा जाए, लेकिन सच वो भली-भांति जानते हैं। तभी तो पाकिस्तान इन दिनों भारत के महायुद्धाभ्यास के ऐलान से इतना डरा हुआ है कि उसने कराची से लाहौर तक हवाई यातायात का पूरा रास्ता ही बदल दिया। कई रास्तों को उड़ानों के लिए बंद कर दिया और उनकी जगह पर नए रास्तों को खोला है, जो पहले की अपेक्षा काफी घुमावदार और लंबे हैं। माना जा रहा है कि पाकिस्तान को डर है कि भारत नागरिक हवाई यातायात की आड़ में उसके सैन्य ठिकानों पर हमले कर सकता है। हवाई मार्ग में बदलाव का यह ऐलान पाकिस्तान एयरपोर्ट अथॉरिटी ने किया है। कहा गया है कि हवाई यातायात की निरंतर सुरक्षा और प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए 28 अक्टूबर से कराची और लाहौर उड़ान क्षेत्रों के लिए कुछ मार्गों में बदलाव किया है। पीएए से जारी एक नोटम में बताया गया है कि 28 अक्टूबर को सुबह पांच बजकर एक मिनट पर पाकिस्तान के समयानुसार से प्रभावी होंगे और बुधवार, 29 अक्टूबर को सुबह नौ बजे पाकिस्तान समयानुसार तक लागू रहेंगे। राजस्थान में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर 12 दिन अब तक का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास होगा। आर्मी, एयरफोर्स और नौसेना के 30,000 जवान थार में संयुक्त अभ्यास करेंगे। अभ्यास की शुरुआत 30 अक्टूबर से होगी, जो 10 नवंबर तक चलेगी। इस युद्धाभ्यास के दौरान सीमा के कुछ क्षेत्र में वाणिज्यिक उड़ानों के मार्ग में बदलाव हो सकता है। युद्धाभ्यास जैसलमेर से लेकर गुजरात के सर क्रीक तक होगा। कहा तो यह भी जा रहा है कि पाकिस्तान इस सैन्य अभ्यास के जवाब में जल्द ही कोई मिसाइल टेस्ट करने की तैयारी में है, ताकि पाक आवाम को दिखाया जा सके भी वो भी तैयारी कर रहे हैं, जबकि सच यह है कि पाक के आर्थिक हालात यह हैं कि विदेशी मुद्रा कोष खाली हो रहा है। लगातार आईएमएफ से उधार मांगकर देश को दिवालिया होने से बचाया जा रहा है। इसके बावजूद पाक हुकूमरान अपनी हरकतों से बाज नहीं आते। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 26 लोगों की हत्या के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच मई में संघर्ष हुआ था, जिसके बाद से पाक ने कई बार भारतीय एयरलाइनों के अपने हवाई क्षेत्र से उड़ान भरने पर प्रतिबंध का दायरा बढ़ाया, क्योंकि दोनों देश राजनीतिक तनाव के कारण एक-दूसरे की वाणिज्यिक उड़ानों को अवरुद्ध करते रहते हैं। अब पाक को लग रहा है कि अगर भारत के सामने किसी भी तरह का दुःसाहस किया जो उसके नतीजे खतरनाक होंगे।



चिंतन
डॉ. अश्विनी महाजन

# शाकाहार और उपभोग में संयम

पिछले कुछ समय से शाकाहार में भी एक अलग प्रकार का चलन बढ़ रहा है, जिसे वेगन अभियान के नाम से जाना जाता है। इसमें मांस के अतिरिक्त अन्य पशु उत्पाद जैसे दूध और दुग्ध उत्पादों के उपयोग से भी परहेज करने की सलाह दी जाती है। उनका कहना है कि दूध के उत्पादन के लिए पशुओं पर अत्याचार होता है। ऐसा माना जाता है कि विश्व में एक से दो प्रतिशत लोग 'वेगन' आहार अपना चुके हैं। हालांकि वेगनवाद का खासा विरोध भी हो रहा है कि यह दूध जो शाकाहारी माना जाता है, यदि उसके सेवन से बचा जाएगा, तो इस कारण से पशु पालन जैसे रोजगार के अवसरों पर चोट होने का खतरा उत्पन्न हो सकता है।

मानवता की उत्पत्ति के शुरूआत से ही मांसाहार और शाकाहार दोनों ही मानव की खाद्य आवश्यकताओं की पूर्ति करते रहे हैं। शायद उस वक्त शाकाहार और मांसाहार के बीच में अंतर नहीं होता था, लेकिन बाद में मानव ने मांसाहार और शाकाहार में अंतर करना प्रारंभ किया और आज यह स्थिति है कि प्यू रिसर्च सर्वेक्षण (2021) के सर्वेक्षण के अनुसार भारत में लगभग 39 प्रतिशत भारतीय किसी न किसी प्रकार से मांस के उपयोग से परहेज करते हैं। 39 प्रतिशत लोगों ने इस सर्वेक्षण में स्वयं को शाकाहारी ही कहा है। अधिकांश भारतीय कभी-कभार ही मांस का उपभोग करते हैं। यही कारण है कि भारत में प्रतिव्यक्ति मांस का उपभोग 3.1 किलोग्राम प्रतिवर्ष है, जबकि अमेरिका में यह 109 किलोग्राम, यूरोप में 84 किलोग्राम और सकल विश्व में यह 44.5 किलोग्राम प्रतिव्यक्ति प्रतिवर्ष है।

देखा जाए तो भारतीय मांसाहारी होने पर भी धार्मिक आस्थाओं के आधार पर भी कुछ प्रकार के मांस का सेवन नहीं करते। उदाहरण के लिए हिन्दू और सिख गाय के मांस से और मुस्लिम पोर्क(सूअर) के मांस से परहेज रखते हैं। भारत की तुलना में शेष विश्व में शाकाहार का चलन कम है। दुनिया के औसतन 3 से 5 प्रतिशत लोग ही शाकाहारी हैं। अकेले भारत में ही दुनिया के 70 प्रतिशत शाकाहारी रहते हैं। कई बार कुछ लोग आधुनिकीकरण को मांसाहार से जोड़कर देखने लगे हैं, लेकिन हमें समझना होगा कि आधुनिक और समझदारी का विचार मांसाहार में नहीं, बल्कि शाकाहार में है।

पिछले कुछ समय से शाकाहार में भी एक अलग प्रकार का चलन बढ़ रहा है, जिसे वेगन अभियान के नाम से जाना जाता है। इसमें मांस के अतिरिक्त अन्य पशु उत्पाद जैसे दूध और दुग्ध उत्पादों के उपयोग से भी परहेज करने की सलाह दी जाती है। उनका कहना है कि दूध के उत्पादन के लिए पशुओं पर अत्याचार होता है। ऐसा माना जाता है कि विश्व में एक से दो प्रतिशत लोग 'वेगन' आहार अपना चुके हैं। हालांकि वेगनवाद का खासा विरोध भी हो रहा है कि इस दूध जो शाकाहारी माना जाता है, यदि उसके सेवन से बचा जाएगा, तो इस कारण से पशु पालन जैसे रोजगार के अवसरों पर चोट होने का खतरा उत्पन्न हो सकता है। समझना होगा कि भारत में दूध का उत्पादन और दुग्ध उत्पादों का सेवन हमारी संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है।

आज विश्व पर्यावरण असंतुलन, मौसम परिवर्तन और वैश्विक उष्णता यानि ग्लोबल वार्मिंग के भयंकर संकट से गुजर रहा है। औद्योगिकीकरण से पूर्व की तुलना में दुनिया का तापमान लगभग 2 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ चुका है। तब से लेकर अब तक दुनिया की आबादी लगभग 5 गुणा तक बढ़ चुकी है। इस दौरान दुनिया में उपभोग में तो उससे भी ज़्यादा वृद्धि हुई है। वैश्विक उष्णता बढ़ाने में औद्योगिकरण का योगदान तो है ही, लेकिन साथ ही साथ इसके लिए जिम्मेदार ग्रीन हाऊस गैसों का उत्सर्जन इतनी बड़ी जनसंख्या के उपभोग के लिए आवश्यक खाद्य सामग्री और अन्य प्रकार के उत्पादनों के कारण भी हो रहा है। जीडीपी बढ़ने के साथ-साथ लोगों की आमदनी भी बढ़ी है, और उसके साथ ही साथ उपभोक्ता वस्तुओं पर फिजूल खर्ची के साथ-साथ खाद्य सामग्री की बर्बादी भी बढ़ी है। पूर्व में जहां



उपभोक्ता वस्तुओं का जीवन लंबा होता था, वर्तमान युग में यूज एंड थ्रो यानि इस्तेमाल करो और फेंक दो, की आदत के कारण दुनिया में न केवल कचरा बढ़ा है, बल्कि जरूरत से ज्यादा उत्पादन के कारण ग्रीन हाऊस गैसों का उत्सर्जन भी ज्यादा हुआ है।

समझा जा सकता है कि इस वजह से संयमित उपभोग की जरूरत पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गई है। पूरी दुनिया में 71 प्रतिशत क्षेत्र में पानी है और मात्र 29 प्रतिशत ही भूमि है। और इस 29 प्रतिशत में सिर्फ 20 प्रतिशत ही रहने योग्य है, 10 प्रतिशत पर कृषि होती है और इस कृषि योग्य भूमि में सिर्फ 2.4 प्रतिशत पर ही फसलों की खेती होती है। 8 प्रतिशत भूमि पर पशुपालन के लिए जरूरी खेती होती है। इस 2.4 प्रतिशत भूमि पर होने वाली खेती से मनुष्यों की 83 प्रतिशत कैलोरी आवश्यकता पूर्ण होती है और पशुपालन के लिए जहां 8 प्रतिशत भूमि का इस्तेमाल हो रहा है, उससे मात्र 17 प्रतिशत कैलोरी आवश्यकता की पूर्ति होती है। 63 प्रतिशत प्रोटिन की आवश्यकता भी इसी 2.4 प्रतिशत भूमि होती है, जबकि 37 प्रतिशत प्रोटीन ही पशुपालन से उत्पन्न उत्पादों से मिलती है।

भारत के पास दुनिया की सिर्फ 2 प्रतिशत ही भूमि है। जबकि हमारी जनसंख्या दुनिया की 18 प्रतिशत है। दुनिया के 30 प्रतिशत पशु और 8 प्रतिशत जैव संसाधन भारत में पाए जाते हैं। इतनी बड़ी जनसंख्या के लिए खाद्य उत्पादन करने के साथ-साथ भारत अपने जैव संसाधनों का संरक्षण करने में भी सफल रहा है। इसका कारण यह है कि भारत में अधिकांश लोग शाकाहारी हैं और जो मांस का उपभोग भी करते हैं, उनमें से भी अधिकांश कभी कभार ही मांस का सेवन करते हैं। भारत में होने वाला पशुपालन, दुनिया की मांसाहारी जनसंख्या की आवश्यकता की पूर्ति करता है। गौरतलब है कि भारत से प्रतिवर्ष 1.3 करोड़ मीट्रिक टन भैंस के मांस का निर्यात प्रतिवर्ष होता है। भारत की शाकाहारी आदतें दुनिया में खाद्य पदार्थों की कमी नहीं होने देती।

यदि देखें तो विश्व की आबादी में शाकाहारी लोगों में से कुल 70 प्रतिशत अकेले भारत में ही रहते हैं। दुनिया में कुल ग्रीन हाऊस गैसों के उत्सर्जन में मांसाहार के लिए जरूरी पशुपालन से होने वाला उत्सर्जन 15 प्रतिशत है। एक किलो मांस के लिए उत्पादन के लिए उसके बराबर अनाज, दालों या सब्जी के उत्पादन की तुलना में 20 से 30 गुणा ज्यादा ग्रीन हाऊस गैसों का उत्सर्जन होता है। समझा जा सकता है कि दुनिया में यदि 10 प्रतिशत अतिरिक्त लोग भी शाकाहारी हो जाएं तो खाद्य उत्पादन से संबंधित ग्रीन हाऊस गैसों का उत्सर्जन 35 से 30 प्रतिशत कम हो सकता है। मांस के उत्पादन में कहीं ज्यादा, लेकिन डेयरी से मात्र 3.4 प्रतिशत ग्रीन हाऊस गैसों का ही उत्सर्जन होता है, जिसमें आधा मिथेन गैस के उत्सर्जन से, और शेष चारे, यातायात, प्रोसेसिंग, और खाद्य निर्माण में होता है। समझना होगा कि जहां प्रति किलो मांस उत्पादन में 60 किलो ग्रीन हाऊस गैसों (सीओ2ई) का उत्सर्जन होता है, एक लीटर दूध में मात्र 3.2 किलो सीओ2ई का उत्सर्जन होता है।

यदि दुनिया को वैश्विक उष्णता और मौसम परिवर्तन के कष्टों से मुक्ति दिलानी हो तो दुनिया में तेजी से शाकाहार को बढ़ाना होगा। इसी के साथ-साथ यदि भारत की मितव्ययी आदतों को दुनिया अपनाना शुरू कर दें और यूज एंड थ्रो की मानसिकता से बाहर आ जाएं, तो वैश्विक उष्णता के संकट से जल्दी निजात पाया जाएगा। दुर्भाग्य का विषय यह है कि दुनिया में पर्यावरण सम्मेलनों में पर्यावरण से निपटने के लिए टेक्नोलॉजी और उपकरणों की बात तो होती है, क्योंकि उससे वैश्विक कंपनियों को लाभ कमाना होता है, लेकिन वैश्विक उष्णता के लिए जिम्मेदार मांसाहार और उपभोग में बर्बादी पर कोई बात करने के लिए तैयार नहीं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## हालात

प्रशांत कुमार



# निर्भया के बाद भी अधूरी ही रही न्याय की लड़ाई

इ 16 दिसंबर 2012 को देश की राजधानी दिल्ली की एक सर्द रात। एक चलती बस में हुई एक ऐसी दिल दहला देने वाली घटना, जिसने पूरे देश को हिला दिया। कुछ दरिंदों ने सामूहिक बलात्कार कर न केवल इंसानियत को शर्मसार किया, बल्कि देश की कानून-व्यवस्था और समाज की सोच पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए। यह मामला इतिहास में निर्भया कांड के नाम से दर्ज हुआ। इस शर्मनाक घटना के बाद भारत में यौन अपराधों की परिभाषा और कानूनी ढांचे में पूरी तरह बदलाव किया गया। 2012 तक देश में बलात्कार की परिभाषा काफी संकीर्ण थी। पहले के कानून के मुताबिक किसी भी महिला के साथ संबंध स्थापित न होने पर उसे रेप नहीं माना जाता था, लेकिन निर्भया केस के बाद ये साफ हो गया कि महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा की परिभाषा को कहीं ज्यादा व्यापक बनाने की जरूरत है। देशभर से इसकी मांग भी उठने लगी। निर्भया को न्याय दिलाने और दोषियों को फांसी देने के लिए देशव्यापी जोरदार प्रदर्शन हुए।

निर्भया केस के बाद सरकार और संसद ने भी माना कि कानून में बदलाव कर कठोर कदम उठाने की दरकार है। इसके लिए आपराधिक कानूनों में संशोधन किया गया और आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम, 2013 लाया गया। इस अधिनियम के तहत भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी), और भारतीय साक्ष्य अधिनियम में बदलाव किए। आईपीसी की कई धाराओं में संशोधन कर रेप की परिभाषा का दायरा बढ़ाया गया। किसी भी महिला के साथ गलत तरीके से छेड़छाड़, आपत्तिजनक स्पर्श, एसिड अटैक, पीछा करना और किसी भी रूप में यौन शोषण को भी रेप की श्रेणी में शामिल किया गया। दोषी को मृत्युदंड देने तक का प्रावधान किया गया, जिससे समाज में भय पैदा हो सके।

निर्भया केस के बाद एक और बड़ी बहस शुरू हो गई, कि क्या नाबालिग अपराधियों को भी व्यस्क की तरह सज़ा मिलनी चाहिए? ये बहस इसलिए शुरू हुई, क्योंकि निर्भया कांड के दोषियों में एक नाबालिग था। जब बहस ने जोर पकड़ा, तो सरकार ने संसद में जुवेनाइल जस्टिस बिल पेश किया, जिसे 22 दिसंबर 2015 को संसद ने पारित कर दिया। इसके तहत, अगर कोई किशोर जो 16 से 18 साल की उम्र का है और कोई जघन्य अपराध करता है, तो उसे व्यस्क मानकर उसके खिलाफ मुकदमा चलाया जाएगा। दोषी साबित होने पर उसे वयस्क की तरह ही सजा मिलेगी। तो आज भारत में महिलाओं के खिलाफ अपराधों को लेकर बेहद ही कड़े कानून हैं, लेकिन आज भी अपराधों में कोई कमी नजर नहीं आती। दुष्कर्म के मामलों में कठोर कानूनी प्रावधानों के बावजूद आरोपियों को सजा दिलाने में न्याय व्यवस्था प्रभावी साबित नहीं हो रही है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की 2023 की रिपोर्ट इस सच्चाई की गवाही देती है। आंकड़ों के अनुसार, दुष्कर्म के मामलों में अदालत से पांच में से केवल एक आरोपी को ही सजा मिली, जबकि चार बरी हो गए। हालांकि हत्या जैसे गंभीर अपराधों में दोष साबित करने का प्रतिशत बेहतर रहा, जहां करीब तीन में से दो आरोपियों को सज़ा सुनाई गई।

अब सवाल उठता है कि क्या सिर्फ कठोर कानून बना देने से ही अपराध रुक जाएंगे? जब 96 फीसदी मामलों में आरोपी पहचान वाला होता है, तो समाज की सोच में बदलाव कैसे लाया जाए? न्यायिक प्रक्रिया इतनी धीमी क्यों है कि पीड़ित पक्ष वर्षों तक न्याय की राह देखता रह जाता है? क्या हमें कानून की सख़्ती से आगे बढ़कर न्यायिक व्यवस्था में सुधार और सामाजिक मानसिकता में बदलाव की दिशा में काम नहीं करना चाहिए?

निर्भया कांड के बाद उम्मीद थी कि भारत में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और अपराधियों में भय पैदा होगा, लेकिन आंकड़े बताते हैं कि हालात बहुत नहीं बदले हैं। हर 20 मिनट में एक महिला दुष्कर्म की शिकार होती है। यह समाज और सरकार दोनों के लिए बेहद शर्मनाक स्थिति है। देखा जाए तो कानून जरूरी है ही, लेकिन केवल कानून बना देना ही काफी नहीं है। आज ज़रूरत है तेज़ और प्रभावी न्यायिक प्रक्रिया की है, जिससे पीड़ित को जल्दी से जल्दी न्याय मिल सके। पीड़िता के प्रति संवेदनशील पुलिस तंत्र की व्यवस्था भी बेहद जरूरी है। सबसे अहम है, समाज की मानसिकता में बदलाव। महिलाओं की सुरक्षा केवल उनका मुद्दा नहीं, बल्कि पूरे समाज की गरिमा और सभ्यता का सवाल है। जब तक समाज अपराधी मानसिकता को ठुकराएगा नहीं, तब तक कठोर से कठोर कानून भी कारगर नहीं होंगे।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## प्रसन्न रहने की शुरुआत घर से हो



संकलित
**दर्शन**

महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रसन्न रहने की शुरुआत अपने घर से ही होनी चाहिए। हम बाहर तो बहुत खुश रहते हैं, लेकिन घर में अकारण क्रोध से भरे रहते हैं। सभी लोग, खासतौर पर युवा इस बात का ध्यान रखें कि उन्हें घर में भी प्रसन्न रहना है। युवाओं को यह बात याद रहे, इसलिए एक नया मंत्र दे रहा हूं। वे घर और परिवार में भी शांति रखें। कई लोग बाहर से घर में आते ही क्रोधित हो जाते हैं। वे अकारण गुस्सा कर घर वालों को मायूस कर देते हैं। यह हत्या कर देने जैसा अपराध है। मुश्किल यह है कि ये लोग अपनी कमी को मानते भी नहीं। कम से कम वे यह मान लें कि उसमें यह कमी है तो कभी न कभी वह कमी दूर भी की जा सकती है। लंका में कोई मानता ही नहीं था कि वहां कोई रोगी है। परिणाम सबके सामने है। जो माने ही नहीं कि अस्वस्थ है, वह स्वस्थ कैसे हो सकता है? एक और मंत्र याद रखें-छोटी-मोटी बातों को अनदेखा करें। व्यर्थ विवाद में मत उलझें। बात-बात में उलझने की आदत से अशांति ही पैदा होती है। सच्ची प्रसन्नता चाहिए तो इधर-उधर की बातें सुनना ही छोड़ दें। अस्तित्व के संगीत को सुनने की कोशिश करें। याद रखें, जिसे प्रसन्न रहना है, उसे कोई रोक नहीं सकता और जिसे दुखी ही रहना है, उसे कोई प्रसन्न नहीं कर सकता। कुछ लोगों को प्रसन्न रहना ही नहीं है। वे परेशान और दुखी होने के बहाने खोजते रहते हैं। इस आदत को बदलने की कोशिश ईमानदारी के साथ की जानी चाहिए।

## प्रत्येक वस्तु पर हमारा ही अधिकार हो?



संकलित
**प्रेरणा**

एक राजा ने यह घोषणा करवा दिया कि कल सुबह जब मेरे महल का मुख्य दरवाज़ा खोला जायेगा तब जिस व्यक्ति ने भी महल में जिस वस्तु या जीव को हाथ लगा दिया वह वस्तु या जीव उसकी हो जाएगी। कुछ लोग कहने लगे मैं तो सोने को हाथ लगाऊंगा, कुछ लोग चांदी को तो कुछ लोग कीमती जेवरात को, कुछ लोग घोड़ों को तो कुछ लोग हाथी को, कुछ लोग दुधारू गाय को हाथ लगाने की बात कर रहे थे। जब सुबह महल का मुख्य दरवाजा खुला और सब लोग अपनी अपनी मनपसंद वस्तु या जीवों के लिये दौड़ने लगे। सबको इस बात की जल्दी थी कि पहले मैं अपनी मनपसंद वस्तु या जीव को हाथ लगा दूँ ताकि वह वस्तु या जीव हमेशा के लिए मेरी हो जाऐ। राजा अपनी जगह पर बैठा सबको देख रहा था और अपने आस-पास हो रही भाग दौड़ को देखकर मुस्कुरा रहा था। उसी समय उस भीड़ में से एक व्यक्ति राजा की तरफ बढ़ने लगा और धीरे-धीरे चलता हुआ राजा के पास पहुंच कर उसने राजा को छू लिया। राजा को हाथ लगाते ही राजा उसका हो गया और राजा की हर वस्तु भी उसकी हो गयी। जिस तरह राजा ने उन लोगों को मौका दिया और उन लोगों ने गलतियां की। ठीक इसी प्रकार सारी दुनियाँ के कर्ता प्रभु भी हम सबको प्रत्येक दिन अवसर देते हैं, लेकिन हम लोग भी प्रत्येक दिन वही गलतियां करते रहिते हैं। हम प्रभु को पाने की बजाए उस परमपिता की बनाई हुई दुनियां की चीजों की कामना करते हैं। लेकिन कभी भी हम लोग इस बात पर गौर नहीं करते कि क्यों न दुनियां के बनाने वाले प्रभु को पा लिया जाए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### आपत्तिजनक कंटेंट नहीं देख पाएंगे किशोर

डिजिटल युग में सोशल मीडिया आज जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं किशोर, जिनकी सोच, मनोवृत्ति और व्यवहार अभी विकसित हो ही रहे हैं। सोशल मीडिया की चकाचौंध में खोए किशोरों के लिए यह प्लेटफॉर्म कभी-कभी सीख का माध्यम तो बनता है, परंतु कई बार यह मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक असंतुलन का कारण भी बन जाता है। इन्हीं चिंताओं को देखते हुए इंस्टाग्राम की मूल कंपनी मेटा ने एक बड़ा कदम उठाया है। कंपनी ने घोषणा की है कि अब 18 वर्ष से कम आयु के किशोर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर आपत्तिजनक या अनुचित कंटेंट नहीं देख पाएंगे। यह फैसला केवल तकनीकी नहीं बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। *-संदीप शुक्ला, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# माली में ईंधन संकट के कारण स्कूल बंद

माली सरकार ने देशभर के स्कूलों और विश्वविद्यालयों को रविवार से बंद करने की घोषणा की है। यह फैसला ईंधन की कमी के कारण लिया गया है, जो जिहादी उग्रवादियों द्वारा राजधानी में ईंधन आयात पर नाकेबंदी के चलते उत्पन्न हुई है। शिक्षा मंत्री अमादू सई सवाने ने सरकारी टेलीविजन पर बताया कि ईंधन आपूर्ति बाधित होने से स्कूल कर्मचारियों के आवागमन पर असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि कक्षाएं दो सप्ताह के लिए निलंबित रहेंगी। अल-कायदा समर्थित संगठन जमात नुसरत अल-इस्लाम वल-मुस्लिमीन (जेएनआईएम) ने सितंबर की शुरुआत में पड़ोसी देशों से माली में ईंधन आयात पर रोक लगाने की घोषणा की थी। इस प्रतिबंध से माली की नाजुक



अर्थव्यवस्था पर भारी असर पड़ा है और सैकड़ों ईंधन ट्रक सीमाओं पर फंसे हुए हैं। माली, बुर्किना फासो और नाइजर पिछले कई वर्षों से सशस्त्र समूहों की हिंसा से जूझ रहे हैं जिनमें अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट से जुड़े गुटों के साथ-साथ स्थानीय विद्रोही भी शामिल हैं। हाल के वर्षों में तीनों देशों में सैन्य तख्तापलट के बाद फ्रांसीसी बलों को निष्कासित कर दिया गया और सुरक्षा सहयोग के लिए रूस के भाड़े के सैनिकों की मदद ली गई। हालांकि विश्लेषकों का कहना है कि इससे स्थिति में खास सुधार नहीं हुआ है।

## ऑफ बीट

# क्या आप किसी चीज को खत्म करने के लिए परेशान हैं?

हम सभी जीवन में हर काम का समापन या उसका समय पर पूरा होना (क्लोजर) चाहते हैं। किसी रिश्ते का अंत, अचानक नौकरी छूटना या किसी



प्रियजन की मृत्यु हमारे मन में कई सवाल पैदा कर देती हैं जिनके जवाब पाने के लिए हम बेचैन हो जाते हैं। युद्ध, प्राकृतिक आपदाएं या सामूहिक त्रासदियां भी इसी तरह की भावना जगाती हैं। हमारी 'क्लोजर' पाने की चाह इतनी गहरी है कि यह फिल्मों, उपन्यासों, गीतों और हमारे रोजमर्रा के वाक्यों जैसे 'आगे बढ़ना' या 'भूल जाना' में झलकती है। लेकिन वास्तव में किसी चीज का अंत इतना आसान नहीं है। कई बार यह कभी पूरी तरह नहीं होता। जब ऐसा होता है, तो अधूरे अनुभव हमारे भीतर बोझ बन जाते हैं, जिससे हमारा मूड, स्वास्थ्य, पहचान और रिश्ते प्रभावित होते हैं। ऐसे अनिश्चित समय में यह सीखना जरूरी है कि अधूरे या अनसुलझे अनुभवों के साथ कैसे जिया जाए।'क्लोजर' क्या है और यह क्यों जरूरी है? 'क्लोजर' वह मानसिक शांति है जब कोई पीड़ादायक या उलझन भरा अनुभव इतना सुलझ जाता है कि वह अब हमें उस पर मानसिक या भावनात्मक ऊर्जा लगाने की जरूरत नहीं पड़ती। यह वह बिंदु है जब कोई घटना समझ में आ चुकी होती है और अब हमें परेशान नहीं करती।

## ट्रेंड

### उपासना का अवसर



महापर्व छठ पूजा के पावन अवसर पर मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई देती हूं। यह त्योहार सूर्यदेव और छठी मैया की उपासना करने का अवसर है। यह पर्व सभी के जीवन में सुख-समृद्धि का संचार करे तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करे।
**-द्रोपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**

### नया सीड एक्ट



घटिया बीज, खाद और कीटनाशक देने वालों के खिलाफ कड़ा कानून जरूरी है। हम नया सीड एक्ट ला रहे हैं, ताकि हर किसान तक गुणवत्तापूर्ण बीज पहुंच सके। यह उन लोगों को खिलाफ होगा जो किसानों को घटिया बीज देकर अपनी जेब भर रहे हैं।
**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री**

### बैलगाड़ी वाली एंबुलेंस



एंबुलेंस को 'बुल'ऐंस बना दिया है। उप्र में एंबुलेंस की जगह बैलगाड़ी चलने लगी हैं। क्या ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बैलगाड़ी खींचेगी। अगर न दिखाई दे तो दिल्ली की दूरबीन का सदुपयोग कर लें। स्वास्थ्य मंत्री महोदय नामपट्टिका तक सीमित हैं।
**-अखिलेश यादव, सपा नेता**

### स्वस्थ करती प्रकृति



प्रकृति हमेशा स्वस्थ करती है, तरोताज़ा करती है, पुनर्जीवित करती है और आपके दिलो-दिमाग में बजते कुछ पुराने हिंदी फिल्मी गाने दुनिया की सबसे जादुई गली में और भी जादू भर देते हैं।
**-अनुपम खेर, अभिनेता**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# हाइलो ओपन में भारत के सामने कड़ी चुनौती

एजेंसी ▶▶| मसारब्रूकेन (जर्मनी)

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को मंगलवार से शुरू हो रहे 475,000 डॉलर इनामी हाइलो ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के पहले दौर में ही कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। पुरुष एकल में 2021 के विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन का मुकाबला फ्रांस के पांचवें वरीय क्रिस्टो पोपोव से, जबकि आयुष शेट्टी का डेनमार्क के विक्टर लाई से होगा। किदाम्बी श्रीकांत हमवतन किरण जॉर्ज से भिड़ेंगे, जबकि एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यन का सामना मलेशिया के लियोंग जुन हाओ से और मकाऊ ओपन सुपर 300 के सेमीफाइनलिस्ट थारुण मन्नेपल्ली का मुकाबला इंडोनेशिया के दूसरे वरीय जोनाथन क्रिस्टी से होगा।




## महिला एकल में अनमोल का सामना जूली डावाल से

महिला एकल में अनमोल खरब का सामना डेनमार्क की जूली डावाल जैकबसेन से जबकि उभरती हुई शटलर उन्नति हुड्डा का मुकाबला ब्राज़ील की जुलियाना वियाना विएरा से होगा। अनुपमा उपाध्याय का मुकाबला यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा से जबकि रक्षिता श्री संतोष रामराज का सामना स्पेन की क्लारा अजुरमेंडी से होगा। इस महीने की शुरुआत में अल ऐन मास्टर्स सुपर 100 का खिताब जीतने वाली श्रेयांशी वलीशेट्टी का पहला मुकाबला डेनमार्क की तीसरी वरीयता प्राप्त लाइन होजमार्क केजर्सफेल्ड से होगा। आकर्षि कश्यप अपने अभियान की शुरुआत तुर्की की नेस्लिहान एरिन के खिलाफ करेंगी। तान्या हेमंत का सामना चीनी ताइपे की चौथी वरीयता प्राप्त लिन हि्सयांग ती से होगा। पुरुष युगल में पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय और साई प्रतीक के की भारतीय जोड़ी अपने पहले दौर में क्रिस्टो और टोमा जूनियर पोपोव की फ्रांसीसी जोड़ी से भिड़ेगी। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गाडे का सामना पहले दौर में कनाडा के जोनाथन बिंग त्सान लाइ और क्रिस्टल लाइ से होगा।

# मौजूदा सत्र के किसी टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगी सिंधू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने यूरोपीय चरण से पहले पैर में लगी चोट से पूरी तरह उबरने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए 2025 के सत्र की बाकी बची बीडब्ल्यूएफ टूर प्रतियोगिताओं से हटने का फैसला किया है। हैदराबाद की 30 वर्षीय शटलर ने कहा कि यह निर्णय उनकी सहयोगी टीम और चिकित्सा विशेषज्ञों से परामर्श करने के बाद लिया गया। इन चिकित्सा विशेषज्ञों में प्रसिद्ध खेल हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. दिनशॉ पारदीवाला भी शामिल हैं।



## बीडब्ल्यूएफ टूर प्रतियोगिताओं से हटना अच्छा होगा

सिंधू ने कहा, 'अपनी टीम के साथ विचार विमर्श करने और डॉक्टर पारदीवाला से सलाह लेने के बाद हमने महसूस किया कि मेरे लिए 2025 में शेष सभी बीडब्ल्यूएफ टूर प्रतियोगिताओं से हटना सबसे अच्छा होगा।' उन्होंने कहा, 'यूरोपीय चरण से पहले मेरे पैर में जो चोट लगी थी वह अभी तक पूरी तरह से ठीक नहीं हुई है। चोट लगना किसी भी खिलाड़ी के करियर का अहम हिस्सा होता है हालांकि इसे स्वीकार करना आसान नहीं होता है। इस तरह की परिस्थितियां आपके धैर्य की परीक्षा लेती हैं और आपको मजबूत होकर वापसी करने के लिए प्रेरित भी करती हैं।' पिछले साल पेरिस ओलंपिक में शुरुआती दौर में बाहर होने के बाद यह साल भी सिंधू के लिए अच्छा नहीं रहा। वह कई प्रतियोगिताओं के पहले दौर में बाहर हो गई और इस दौरान एक भी खिताब नहीं जीत सकी।

## खबर संक्षेप



### भारत को झटका, महिला विश्व कप से बाहर प्रतिका

**नवी मुंबई।** फॉर्म में चल रही सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल घुटने और टखने की चोट के कारण आईसीसी महिला वनडे विश्व कप के बाकी मैचों से बाहर हो गईं, जिससे भारतीय टीम को करारा झटका लगा है। बांग्लादेश के खिलाफ डीवाई पाटिल स्टेडियम में भारत के अंतिम लीग मैच के दौरान प्रतिका का दाहिना टखना मुड़ गया था। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, 'वह जिस तरह से गिरीं थीं, उससे साफ हो गया था कि वह नॉकआउट मैचों के लिए उपलब्ध नहीं होंगी। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।' 21वें ओवर की आखिरी गेंद पर जब प्रतिका गेंद रोकने के लिए डीप मिडविकेट से दौड़ीं तो उनका दाहिना पैर गीले मैदान में फंस गया और वह दर्द से कराहते हुए गिर पड़ीं।

### आंतरिक रक्तस्राव के कारण आईसीयू में भर्ती अय्यर



**नई दिल्ली।** भारत की वनडे टीम के उप कप्तान श्रेयस अय्यर को सिडनी के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच के दौरान पसलियों में लगी चोट के कारण आंतरिक रक्तस्राव के बाद वह फिलहाल गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में हैं। अय्यर ने बैकवर्ड प्वाइंट से पीछे की ओर दौड़ते हुए एलेक्स कैरी का शानदार कैच लिया था। ऐसा लगता है कि इस दौरान उनकी बाईं पसली में चोट लग गई थी और शनिवार को ड्रेसिंग रूम में लौटने के तुरंत बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुसार स्कैन से पता चला कि उनकी 'तिल्ली में चोट' लगी है।

### कनाडा ओपन के क्वार्टर फाइनल में अनाहत



**नई दिल्ली।** मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत सिंह ने अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखते हुए विश्व की 20वें नंबर की खिलाड़ी फ्रांस की मेलिसा अल्वेस को हराकर टोरंटो में चल रहे कनाडा ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व में 43वें स्थान पर काबिज दिल्ली की 17 वर्षीय खिलाड़ी अनाहत ने छठी वरीयता प्राप्त अल्वेस को 41 मिनट तक चले मुकाबले में 12-10, 12-10, 8-11, 11-2 से हराया। अनाहत का इस 96,250 अमेरिकी डॉलर इनामी पीएसए सिल्वर प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अगला मुकाबला बेल्जियम की दूसरी वरीयता प्राप्त टिने गिलिस से होगा। इस बीच टोरंटो एथलेटिक क्लब ओपन में छठी वरीयता प्राप्त वीर चोटरानी इंग्लैंड के पेरी मलिक से हार कर बाहर हो गए। मलिक ने 11-7, 11-5, 9-11, 5-11, 11-5 से जीत हासिल की।

## रणजी ट्रॉफी के इतिहास का छठी सबसे तेज सेंचुरी

# पृथ्वी ने ठोका सबसे तेज दोहरा शतक पारी में लगाए 5 छक्के और 29 चौके

एजेंसी ▶▶| मुंबई

पृथ्वी शॉ ने रणजी ट्रॉफी में बल्ले से धमाका कर दिया है। इस बैटर ने महाराष्ट्र के लिए पहले शतक ठोका और फिर उसे दोहरे शतक में तब्दील कर दिया। शॉ ने चंडीगढ़ के खिलाफ ये कमाल किया। पहली पारी में शॉ सिर्फ 8 रन बनाकर आउट हो गए थे।

इस दौरान महाराष्ट्र के पास 104 रन की लीड थी। लेकिन फिर दूसरी पारी में उन्होंने 72 गेंदों पर ये कमाल किया। इस तरह उन्होंने रणजी ट्रॉफी इतिहास का छठा सबसे तेज शतक ठोका। पृथ्वा शॉ हालांकि 156 गेंदों पर 222 रन बनाकर आउट हुए। पारी में उन्होंने 5 छक्के और 29 चौके लगाए। उनका विकेट अर्जुन आजाद ने लिया।

### दूसरा सबसे तेज दोहरा

इसके बाद कुछ समय के भीतर ही उन्होंने अपना दोहरा शतक पूरा कर लिया। शॉ ने सिर्फ 141 गेंदों पर अपना दोहरा शतक पूरा किया। रवि शास्त्री इस लिस्ट में सबसे आगे हैं, जिन्होंने 123 गेंदों पर दोहरा शतक लगाया है। वहीं 200 से भी कम गेंदों में दोहरा शतक लगाने वाले वो दूसरे बैटर हैं। पहले नंबर पर वीरेंद्र सहवाग हैं। शॉ ने शतक के बाद अगले 80 रन सिर्फ 54 गेंदों पर बना दिए। लंच तक वो 126 गेंदों पर 180 रन बनाकर खेल रहे थे और फिर 141 गेंदों पर अपना दोहरा शतक पूरा कर लिया।

### शॉ ने सिर्फ 141 गेंदों पर पूरा की डबल सेंचुरी



### डक के साथ की थी शुरुआत

शॉ पिछले हफ्ते केरल के खिलाफ पहली पारी में बिना खाता खोले ही आउट हो गए थे। लेकिन इसके बाद उन्होंने महाराष्ट्र के खिलाफ फिफ्टी ठोकी। शॉ ने 20 महीने बाद शतक का सूखा खत्म किया। इससे पहले उन्होंने मुंबई के लिए फरवरी 2024 में शतक ठोका था। शॉ टीम इंडिया में वापसी के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं। पिछले साल फिटनेस और अनुशासन की दिक्कतों के चलते उन्हें मुंबई की टीम से ड्रॉप कर दिया गया था।

### यश धुल और दोसेजा के अर्धशतक दिल्ली की कुल बढ़त 329 रन की

**नई दिल्ली।** दिल्ली ने यश धुल की 59 गेंद में 70 रन की आकर्षक पारी और आयुष दोसेजा की 62 रन की नाबाद पारी से हिमाचल प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मैच के तीसरे दिन सोमवार को अपनी कुल बढ़त 329 रन तक पहुंचा दी। खराब रोशनी के कारण खेल जल्दी खत्म कर दिया गया। दिल्ली ने धुल और दोसेजा के बीच 19.3 ओवर में 125 रन की साझेदारी की बदौलत दूसरी पारी में 32 ओवर में चार विकेट पर 196 रन बना लिए। दिल्ली ने इससे पहले हिमाचल प्रदेश को पहली पारी में 297 रन पर समेट कर पहली पारी में 133 रन की बढ़त हासिल कर ली थी।



### सैनी ने 52 रन देकर लिए तीन विकेट

अनुभवी तेज गेंदबाज नवदीप सैनी ने 52 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि युवा मनी ग्रेवाल ने 47 रन देकर दो विकेट झटके। दिल्ली छह अंक हासिल करने की कोशिश में जुटी है, जिससे हो सकता है कि आखिरी दिन जीत दर्ज करने के लिए वह रात के स्कोर पर ही पारी घोषित कर दे। दूसरे सत्र में बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली ने तेजी से रन जुटाने के प्रयास में 53 रन तक तीन विकेट गंवा दिए। इसके बाद धुल और दोसेजा ने अच्छी साझेदारी निभाई।

## एशियाई यूथ खेल

# प्रीतिस्मिता ने बनाया विश्व रिकॉर्ड, जीता गोल्ड मेडल



एजेंसी ▶▶| मनामा

भारतीय भारोत्तोलक प्रीतिस्मिता भोई ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई यूथ खेलों में विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने इन खेलों में देश को तीसरा स्वर्ण पदक दिलाया है।

प्रीतिस्मिता ने क्लीन एंड जर्क और कुल वजन में यूथ का विश्व रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने 44 किलो भार वर्ग में 158 किलो वजन उठाते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने स्नैच में 66 और और क्लीन एंड जर्क में 92 किलो वजन उठाया। राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाली प्रीतिस्मिता ने 150 किलो वजन उठाया।

प्रीतिस्मिता की स्नैच की दो लिफ्ट अगर विफल नहीं हुई होतीं तो उनका कुल वजन ज्यादा होता। स्नैच में वह पहली ही लिफ्ट में सफल हो सकीं, उन्होंने इसकी भरपाई क्लीन एंड जर्क में पूरी कर ली और 87, 90 और 92 की तीन लिफ्ट उठाईं।

### दो वर्ष की आयु में पिता को खोया

मोदीनगर में भारतीय टीम के मुख्य प्रशिक्षक विजय शर्मा के संरक्षण में तैयारियां कर रहीं प्रीतिस्मिता जब दो वर्ष की थीं तब उनके पिता का निधन हो गया था। उनका और उनकी बड़ी बहन का लालन-पालन उनकी मां ने किया। दोनों एथलेटिक्स करती थीं। वेटलिफ्टिंग कोच गोपाल दास ने दोनों को मां से वेटलिफ्टिंग में उतारने का अनुरोध किया। मां तैयार नहीं थीं, लेकिन कोच के समझाने पर वह राजी हुईं। प्रीतिस्मिता बीते वर्ष 40 भार वर्ग में विश्व यूथ चैंपियनशिप में भी स्वर्ण जीत चुकी हैं।

## क्रिकेट

# भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीकी टीम ऐलान

- गुवाहाटी और कोलकाता में 14 नवंबर से शुरू होगी सीरीज
- कप्तान बावुमा की टीम में वापसी, तीन स्पिनर शामिल



एजेंसी ▶▶| जोहानिसबर्ग

कप्तान तेम्बा बावुमा पिंडली की चोट से उबर गए हैं और उन्हें भारत के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम में शामिल किया गया। यह श्रृंखला 14 नवंबर से शुरू होगी और इसके मैच गुवाहाटी और कोलकाता में खेले जाएंगे। बावुमा हाल ही में पाकिस्तान में हुई दो मैचों की श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे। उस श्रृंखला में भाग लेने वाले अधिकतर खिलाड़ियों को टीम में बरकरार रखा गया है। बावुमा मैच अभ्यास की कमी पूरा करने के लिए दो नवंबर से दक्षिण अफ्रीका ए और भारत ए के बीच बेंगलुरु में होने वाले चार दिवसीय मैच में भाग ले सकते हैं। इस मैच से ऋषभ पंत भी चोट से वापसी करेंगे।

### टेस्ट श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम

तेम्बा बावुमा (कप्तान), एडेन मार्करम, रेयान रिकेल्टन, ट्रिस्टन स्टब्स, काइल वेरिन, डेवाल्ड ब्रेविस, जुबैर हमजा, टोनी डी ज़ोरज़ी, कॉर्बिन बॉश, वियान मुल्डर, मार्को यानसन, केशव महाराज, सेनुरन मुथुसामी, कागिसो रबाडा, साइमन हार्मर।

### हार्मर, केशव महाराज और मुथुस्वामी टीम में शामिल

दक्षिण अफ्रीका ने साइमन हार्मर, केशव महाराज और सेनुरन मुथुस्वामी के रूप में अपने तीन प्रमुख स्पिनरों को टीम में शामिल किया है, जिन्होंने पाकिस्तान में 'टर्निंग ट्रैक' पर बड़ा प्रभाव डाला था और वे भारतीय बल्लेबाजों को उनकी धरती पर परेशान कर सकते हैं। यह देखना अभी बाकी है कि भारत किस तरह की पिचें तैयार करता है क्योंकि इस महीने की शुरुआत में वेस्टइंडीज के खिलाफ उसने पूरी तरह से टर्न लेने वाली पिचों का चयन नहीं किया था। कागिसो रबाडा, ऑलराउंडर कॉर्बिन बॉश, मार्को यानसन और वियान मुल्डर तेज गेंदबाजी विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे। पहला टेस्ट मैच 14 नवंबर को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में शुरू होगा, जिसके बाद टीम गुवाहाटी जाएगी, जहां एसीए स्टेडियम 22 नवंबर से अपने पहले टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा।

# एशेज टेस्ट में स्मिथ करेंगे ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी

एजेंसी ▶▶| कैनबरा

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस पीठ की चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले पहले एशेज टेस्ट से बाहर हो गए हैं और उनकी अनुपस्थिति में स्टीव स्मिथ टीम की कमान संभालेंगे। कमिंस जुलाई से पीठ की चोट के कारण मैदान से बाहर हैं। उन्होंने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि 21 नवंबर से पर्थ में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच में उनके खेलने की संभावना कम है।



ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा, 'हमने उनके फिट होने के लिए जितना समय तय किया था, वह समाप्त हो गया है। हमने एक सप्ताह पहले ही यह संकेत दे दिया था कि उन्हें फिट होने में चार सप्ताह से अधिक का समय लगेगा और दुर्भाग्यवश हमारे पास समय नहीं बचा है, लेकिन हमें पूरी उम्मीद है कि वह दूसरे टेस्ट मैच में वापसी करेंगे।' उन्होंने कहा, 'वह पिछले कुछ समय से इससे जूझ रहे हैं।

## युवा एशियाई खेल

# भारतीय बैडमिंटन और टेबल टेनिस खिलाड़ी आगे बढ़े, तैराकों ने निराश किया

**बहरीन (भाषा)।** भारतीय खिलाड़ियों ने युवा एशियाई खेलों (एवाईजी) में बैडमिंटन और टेबल टेनिस स्पर्धाओं में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की जिनमें से कई प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए जबकि तीन गुणा तीन बास्केटबॉल टीम को सोमवार को ईरान के हाथों क्वार्टर फाइनल में 10-15 से हार का सामना करना पड़ा। बैडमिंटन में लड़कियों के एकल वर्ग में वेन्नाला कलागोटला ने राउंड 32 में श्रीलंका की नेथमी रत्नायके को 23-21, 21-10 से हराया जबकि लड़कों के एकल वर्ग में टंकारा तलासिला ने सिंगापुर के टी काई को 21-15, 21-15 से हराकर प्री-क्वार्टर फ़ाइनल में जगह बनाई। परम चौधरी और आन्या बिष्ट की मिश्रित युगल जोड़ी पहले दौर में दक्षिण कोरिया की ना सियोन जे और किम बोहये से 8-21, 15-21 से हार गई। भारतीय मुक्केबाजों के लिए दिन मिला-जुला रहा जिसमें लैंचेनबा सिंह मोइबुंगखोंगबाम ने 50 किग्रा लड़कियों के क्वार्टर फाइनल में फिलीपींस की आम्या जेफरसन को 4-1 से हराया जबकि देवेंद्र चौधरी 75 किग्रा क्वार्टर फाइनल में चीन की गुआन यिवेन से 5-0 से हार गए। उधम सिंह राघव को 54 किग्रा क्वार्टर फाइनल में हार मिली। लड़कों के साइकिलिंग व्यक्तिगत टाइम ट्रायल फाइनल में आदित्य जाखड़ 22:41.54 सेकेंड के समय के साथ छठे स्थान पर रहे जबकि हैंडबॉल में भारतीय लड़कियों ने ग्रुप ए में हांगकांग-चीन को आसानी से 22-12 से हरा दिया। भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ियों के लिए दिन अच्छा रहा जिसमें सार्थक आर्य और सिंड्रेला दास ने मालदीव के नफीज ऐशथ और मोहम्मद रफीउ को 11-6, 11-3, 11-4 से हराकर मिश्रित युगल के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दिव्यांशी भौमिक और रित्विक गुप्ता की मिश्रित युगल जोड़ी ने अंतिम 16 में प्रवेश किया।

# भारत के खिलाफ शुरुआती मैच नहीं खेल पाएंगे जंपा

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जंपा निजी कारणों से भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के शुरुआती मैच में नहीं खेल पाएंगे। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने उनकी जगह तनवीर संघा को टीम में शामिल किया है।



यह श्रृंखला 29 अक्टूबर से कैनबरा में शुरू होगी। रिपोर्ट के अनुसार जंपा अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण इस मैच में नहीं खेल पाएंगे। तेईस वर्षीय संघा ने ऑस्ट्रेलिया के लिए सात टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और अपनी लेग स्पिन से 10 विकेट लिए हैं। संघा इस वर्ष की शुरुआत में भारत दौरे पर आई ऑस्ट्रेलिया ए टीम का भी हिस्सा थे। उन्होंने भारत ए के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैचों में सात विकेट लिए थे। जंपा पर्थ में भारत के खिलाफ पहले वनडे में नहीं खेल पाए थे, लेकिन अगले दो मैच में खेले थे। पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच कैनबरा (29 अक्टूबर), मेलबर्न (31 अक्टूबर), होबार्ट (दो नवंबर), गोल्ड कोस्ट (छह नवंबर) और ब्रिस्बेन (आठ नवंबर) में खेले जाएंगे।

## स्पेनिश फुटबॉल लीग में मैड्रिड ने बार्सिलोना को 2-1 से हराया

# मैदान में भिड़े रियाल मैड्रिड और बार्सिलोना के खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

रियाल मैड्रिड ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा के एक मैच में बार्सिलोना को 2-1 से हराकर अपने इस चिर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ पिछले कुछ समय से चला आ रहा हार का सिलसिला तोड़ दिया। इस मैच के बाद हालांकि दोनों टीम के खिलाड़ी एक-दूसरे से भिड़ गए।

ला लीगा के वर्तमान सत्र में यह पहला अवसर था जबकि दोनों टीम एक दूसरे के आमने-सामने थी। काइलियन एमबाप्पे और जूड बेलिंगहैम के गोल की मदद से रियाल मैड्रिड ने जीत हासिल की,जिससे इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ उसका चार मैचों से चला आ रहा हार का सिलसिला टूट गया। इस जीत से 10 राउंड के बाद रियाल मैड्रिड की बार्सिलोना पर लीग में बढ़त पांच अंक की हो गई।



### खिलाड़ियों के बीच हुई हाथापाई

बार्सिलोना के पेड्री को अंतिम सीटी बजने से ठीक पहले मैदान से बाहर भेजे जाने के बाद दोनों टीमों के बेंच पर मौजूद खिलाड़ियों के बीच हाथापाई हो गई। यह विवाद मैच खत्म होने के बाद भी जारी रहा, जिसमें मैड्रिड के फॉरवर्ड विनिसियस जूनियर और बार्सिलोना के स्टार फॉरवर्ड लामिन यामल भी शामिल थे। विनिसियस और यामल के बीच मैच के दौरान भी कई बार बहस हुई। विनिसियस ने यामल की ओर इशारा किया कि बार्सिलोना का यह स्टार बहुत ज़्यादा बोल रहा है। मैच के बाद यामल और मैड्रिड के गोलकीपर थिबॉट कोर्टोइस और डिफेंडर दानी कार्वाजल के बीच भी बहस हो गई। मैच के बाद हुई झड़प के बाद मैड्रिड के रिजर्व गोलकीपर एंड्री लुनिन को मैदान से बाहर भेज दिया गया तथा विनिसियस उन खिलाड़ियों में शामिल थे, जिन्हें पीला कार्ड दिखाया गया।




## खबर संक्षेप

### अल्बानिया की एआई मंत्री 83 बच्चों को देंगी जन्म



**बर्लिन।** आपको अल्बानिया की वर्चुअल मंत्री (एआई) डिएला तो याद ही होंगी। अल्बानिया ने एआई से भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए इसे एक मंत्री का दर्जा दिया है। डिएला की नियुक्ति के बाद उनके गर्भवती होने की जानकारी सुर्खियों में हैं। अब खबर आ रही है कि यह एआई मंत्री गर्भवती हैं और एक साथ 80 से अधिक बच्चों को जन्म देने वाली हैं। जर्मनी की राजधानी बर्लिन में आयोजित ग्लोबल डायलॉग में अल्बानिया के प्रधानमंत्री ने एडी रामा के बयान ने उस समय खलबली मचा दी।

### सुप्रीम कोर्ट से फिर नहीं मिली खालिद को राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश के मामले में कथित तौर पर शामिल कार्यकर्ताओं उमर खालिद, शरजील इमाम, गुलफिशा फातिमा और मीरान हैदर की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई 31 अक्टूबर तक के लिए टाल दी। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच के सामने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने जवाब दाखिल करने के लिए कुछ और समय देने की मांग की थी।



आवारा कुत्तों के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों को लगाई लताड़

# देश की इमेज विदेश में खराब हो रही है, मुख्य सचिव तलब

*अपने 22 अगस्त के आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए थे। अदालत ने कुत्तों को नसबंदी और दवा देने के बाद छोड़ने का आदेश दिया था*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आवारा कुत्तों के मामले में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल और तेलंगाना को छोड़कर सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को हलफनामा दाखिल न करने पर तलब किया।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सिर्फ पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और दिल्ली नगर निगम ने ही कंप्लायंस एफिडेविट फाइल किया है। अदालत ने पश्चिम बंगाल और तेलंगाना के अलावा बाकी राज्यों और केंद्र शासित राज्यों के चीफ सेक्रेटरी को 3 नवंबर को पेश होने का निर्देश दिया। 22 अगस्त को कोर्ट ने राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को कम्प्लायंस एफिडेविट फाइल करने का निर्देश दिया था।

**हलफनामा दाखिल न करने पर नाराजगी**



**सभी चीफ सेक्रेटरी 3 नवंबर को मौजूद रहें, नहीं तो हम कोर्ट ऑडिटोरियम में लगाएंगे**

*22 अगस्त को कोर्ट ने राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को कम्प्लायंस एफिडेविट फाइल करने का निर्देश दिया था*

## सभी राज्यों को नोटिस जारी किए गए थे

जस्टिस नाथ ने खास तौर पर एडिशनल सॉलिसिटर जनरल अर्चना पाठक दवे से यह भी पूछा कि दिल्ली सरकार ने एफिडेविट क्यों फाइल नहीं किया है। जस्टिस नाथ ने कहा कि एनसीटी ने एफिडेविट फाइल क्यों नहीं किया? चीफ सेक्रेटरी को एक्सप्लेनेशन देना होगा, नहीं तो कॉस्ट लगाई जा सकती है और सख्त कदम उठाए जाएंगे। सभी राज्यों को नोटिस जारी किए गए थे। आपके ऑफिसर अखबार या सोशल मीडिया नहीं पढ़ते? सभी ने इसकी रिपोर्ट की है,जब उन्हें पता चलेगा, तो उन्हें आगे आना चाहिए। सभी चीफ सेक्रेटरी 3 नवंबर को मौजूद रहें, नहीं तो हम कोर्ट ऑडिटोरियम में करेंगे।

### क्या था सुप्रीम कोर्ट का पिछला आदेश?

सर्वोच्च न्यायालय ने 22 अगस्त को आवारा कुत्तों के मामले का दायरा दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की सीमाओं से आगे बढ़ाते हुए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इस मामले में पक्षकार बनाने का निर्देश दिया था। अपने 22 अगस्त के आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर ने आवारा कुत्तों को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए थे। अदालत ने कुत्तों को नसबंदी और दवा देने के बाद छोड़ने का आदेश दिया था।



## डिजिटल अरेस्ट मामलों की जांच सीबीआई को सौंपी जाए


देशभर में बढ़ते डिजिटल अरेस्ट स्कैम को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई है। कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी करते हुए साइबर अरेस्ट मामलों की पूरी जानकारी मांगी है। इस मामले की अगली सुनवाई 3 नवंबर को होगी। कोर्ट ने कहा है कि ऐसे मामलों की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपी जा सकती है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमल्या बागची की पीठ ने यह टिप्पणी करते हुए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से इस तरह के मामलों में दर्ज एफआईआर की जानकारी मांगी है।

**सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों से मांगी रिपोर्ट**



## छात्रों में बढ़ती आत्महत्या को रोकने के लिए आपने क्या कदम उठाए?

**न्यायमूर्ति** विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से आठ हफ्तों में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और आत्महत्या रोकथाम से जुड़े दिशानिर्देशों के पालन पर रिपोर्ट मांगी है। अदालत ने केंद्र को भी अनुपालन हलफनामा दाखिल करने के लिए आठ हफ्तों का समय दिया है।




यह मामला 25 जुलाई को दिए गए उस फैसले से जुड़ा है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश दिया था कि वे दो महीने के भीतर निजी कोचिंग संस्थानों के लिए अनिवार्य पंजीकरण, छात्र सुरक्षा मानक और शिकायत निवारण प्रणाली से संबंधित नियम अधिसूचित करें। अब इस मामले की अगली सुनवाई जनवरी 2026 में होगी।



**पैदल यात्रियों के बीच गुजरेंगी गाड़ियां**

## ऋषिकेश में बन रहा भारत का कांच का 'पहला सस्पेंशन ब्रिज'

एजेंसी ▶▶ ऋषिकेश

*यह बजरंग सेतु 100 साल पुराने लक्ष्मण झूले की जगह लेगा*

यहां नया बजरंग सेतु ग्लास सस्पेंशन ब्रिज लक्ष्मण झूले की जगह लेगा और पैदल यातायात के लिए बनेगा। बजरंग सेतु की लंबाई 132 मीटर है और इसे 31 दिसंबर 2025 तक लगभग 69 करोड़ रुपए की लागत से पूरा किया जाएगा। पुल पर दोनों तरफ पैदल चलने का रास्ता और बीच में दोपहिया वाहन चलाने के लिए 5.30 मीटर चौड़ी लेन बनाई गई है। यह देश का सबसे अनोखा पुल होगा, क्योंकि इसमें दोनों तरफ यात्रियों के आने जाने पैदल चलने के लिए शीशे का पुल बनाया जा रहा है और बीच में टू व्हीलर के आने-जाने का रास्ता है। ऋषिकेश का बजरंग सेतु जल्द ही पर्यटकों के लिए खुल जाएगा।

### सेतु कांच के तौर पर टफन ग्लास का उपयोग

इसके अलावा कभी भविष्य में गाड़ी चलाने का भी अगर कोई प्लान होगा तो बीच के पिलर्स निकाल दिए जाएंगे। बजरंग सेतु कांच के तौर पर टफन ग्लास का उपयोग किया गया है। लगभग 12एमएम के पांच लेयर टफन ग्लास लगाया गया है। उत्तराखंड पीडब्ल्यूडी विभाग के एचओडी राजेश चंद्र शर्मा ने कहा कि जल्द ही बजरंग सेतु आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा फिलहाल अभी इसमें 90% से ज्यादा काम हो चुका है।

मलेशिया में आसियान सम्मेलन का दूसरा दिन

## जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से की मुलाकात

एजेंसी ▶▶ कुआलालंपुर

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिकी विदेश सचिव मार्को रुबियो से मुलाकात की। विदेश मंत्री ने इस मुलाकात की तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट की। भारत के विदेश मंत्री आसियान शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए मलेशिया पहुंचे हुए हैं। वह भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। वहीं समिट से इतर उन्होंने अन्य देशों के विदेश मंत्रियों से मुलाकात की। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक्स पर लिखा कि कुआलालंपुर में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से मुलाकात कर द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई अमेरिकी विदेश मंत्री से मुलाकात को लेकर एस जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा।



### भारत अपने तेल आयात के सोर्स में परिवर्तन चाहता है

भारत अधिक लाभ के लिए कई देशों से तेल खरीदने की रणनीति पर काम कर रहा है, जिसकी तैयारी पहले से शुरू हो चुकी है अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बीते कुछ दिनों से लगातार दावा कर रहे हैं कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा या कम कर देगा। इसे लेकर मार्को रुबियो ने कहा कि भारत अपने तेल आयात के सोर्स में परिवर्तन चाहता है। भारत एक देश से ही नहीं, बल्कि अलग-अलग देशों से तेल खरीदने की तैयारी कर रहा है, जिससे उसे ज्यादा फायदा हो।

### भारत और न्यूजीलैंड मुक्त होकर मिलकर काम करने को प्रतिबद्ध हैं: जयशंकर

आसियान शिखर सम्मेलन के मौके पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन से भी मुलाकात की। इन बैठकों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और क्षेत्रीय सुरक्षा से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। कुआलालंपुर में आयोजित दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) के वार्षिक सम्मेलन के दौरान जयशंकर ने यह बैठकें कीं।

## तालिबान बोला- टीटीपी पर कार्रवाई नहीं करेंगे पाक बोला... तो हम सीजफायर को तोड़ देंगे

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद



पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीजफायर पर बातचीत जारी होने के बावजूद तनाव बढ़ता जा रहा है। तुर्की में सीजफायर पर दूसरे दौर की वार्ता के दौरान पाकिस्तान ने सख्ती से अपनी बात रखी है और तालिबान को धमकाने की कोशिश की है। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में टीटीपी को पनाह मिलने की सूरत में सीजफायर तोड़ने और फिर से हमले करने की चेतावनी दी है। अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज तालिबान भी पाकिस्तान के सामने झुकता नहीं दिख रहा है। इससे दोनों मुल्कों में तनातनी बढ़ती जा रही है। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार पाकिस्तान ने दूसरे दौर की वार्ता के दौरान इंताबुल में अफगान तालिबान शासन के सामने अपना रुख साफ किया है।

## भारत के एसयू-30 एमकेआई पर नजर, बड़ी डील की संभावना!

**येरेवन।** पाकिस्तान ने जैसे ही अजरबैजान को जेएफ-17 लड़ाकू विमानों की डिलीवरी शुरू की, ठीक वैसे ही आर्मेनिया भी हरकत में आ गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आर्मेनिया भारत के साथ एसयू-30एमकेआई लड़ाकू विमान खरीदने के लिए उच्च-स्तरीय बातचीत तेज कर रहा है। आपको बता दें कि अजरबैजान ने पाकिस्तान से 40 जेएफ-17 थंडर ब्लॉक 3 जेट विमानों की खरीद के लिए 4.6 अरब डॉलर का सौदा किया था। जिसके बाद अब आर्मेनिया भारतीय एसयु-30 एमकेआई फोकस कर रहा है, जिसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी एयरबेस को उड़ाने के लिए ब्रह्मोस मिसाइल को दागा था।

## ममदानी को मस्क का मिला साथ, मेयर पद की रेस में चल रहे हैं आगे

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मुखर विरोधी जोहरान ममदानी को टेस्ला प्रमुख एलन मस्क का साथ मिला है। उन्होंने ममदानी की तारीफ की और डेमोक्रेटिक पार्टी का भविष्य करार दिया है। ममदानी न्यूयॉर्क सिटी के मेयर पद की रेस में सबसे आगे चल रहे हैं। मस्क की तरफ से यह टिप्पणी ऐसे समय पर आई है, जब उनके और ट्रंप के बीच रिश्ते तनावपूर्ण बने हुए हैं। मस्क ने लिखा, 'जोहरान डेमोक्रेटिक पार्टी के भविष्य हैं।' यह टिप्पणी उन्होंने न्यूयॉर्क गवर्नर कैथी होचुल की तरफ से शेयर किए गए एक वीडियो पर थी।

**भारतीय नौसेना के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन किया गया**

2 सितंबर 2022 को ये भारतीय नौसेना में शामिल किया गया, जो देश की स्वदेशी क्षमता का उदाहरण

## भारत का 'पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत' आईएनएस विक्रांत आत्मनिर्भरता का प्रतीक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अच्छी खबर

देश का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत (आईएसी-1) 'आईएनएस विक्रांत' आत्मनिर्भर भारत की महत्वाकांक्षा और सामर्थ्य का गौरवशाली प्रतीक है। भारतीय नौसेना के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन किया गया और कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) द्वारा निर्मित, यह पोत भारत में अब तक निर्मित सबसे बड़ा व सर्वाधिक जटिल युद्धपोत है।

**आईएनएस विक्रांत का नाम भारत के पहले विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत (आर11) के सम्मान में रखा गया है, जिसे 1997 में सेवामुक्त किया गया था**



फाइल फोटो

प्रधानमंत्री द्वारा 2 सितंबर 2022 को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया आईएनएस विक्रांत, देश की स्वदेशी क्षमता, संसाधनों तथा कौशल का सजीव उदाहरण है। आईएनएस विक्रांत का नाम भारत के पहले विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत (आर11) के सम्मान में रखा गया है, जिसे 1997 में सेवामुक्त किया गया था।

### 1,600 कर्मी रह सकते हैं

यह विमान वाहक पोत 262.5 मीटर लंबा और 61.6 मीटर चौड़ा है, जिसका भार विस्थापन लगभग 45,000 टन है। यह चार गैस टर्बाइनों द्वारा संचालित है, जो मिलकर लगभग 88 मेगावाट बिजली उत्पन्न करते हैं। ईएनएस विक्रांत 28 समुद्री मील की अधिकतम गति प्राप्त कर सकता है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25